09 नवम्बर, 2000 के पश्चात लघु सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड में अधिनियमित अधिनियमों और प्रख्यापित नियमावली की सूची।

क्र0सं0	शासनादेश संख्या व दिनांक	विषय
1	सं 17 दिनांक 03–01–2001	ल0सिं0वि0 के अधीक्षण अभियन्ता एवं उनके कार्यालय को तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए, लघु सिंचाई विभाग के विभागाध्यक्ष के अधिकार मुख्य अभियन्ता स्तर–I, सिंचाई विभाग को प्रदान किये जाते हैं।
2	सं0 2213 दि0 06–069–2002	जिला योजना के अर्न्तगत सामान्य जाति/अनुसूचित जाति/जनजाति के कृषकों को बोरिंग हेतु निःशुल्क बोंरिग कार्यकम की रणनीति।
3	सं0 283 दि0 10–02–2003	लघु सिचांई के कार्य हेतु सांख्यकी सेल के गठन के सम्बन्ध मे।
4	सं0 1057 दि0 13–3–2003	निःशुल्क बोरिंग योजना में अनुसूचति जाति/जनजाति के कृषकों के चयन में न्यूनतम जोत सीमा 0.5 हैक्टेयर के प्रतिबन्ध को समाप्त करने तथा अनुमन्य अनुदान रू0 5000/– को बढ़ाकर रू0 6000/– किये जाने के समबन्ध में।
5	सं0 249 दि0 17–10–2003	उत्तरांचल लघु सिंचाई कनिष्ठ अभियन्ता (समूह–ग) सेवा नियमावली 2003
6	सं0 195 दि0 19–05–2004	उत्तरांचल लघु सिंचाई विभाग के संरचनात्मक ढॉचे की स्वीकृति।
7	सं0 2100 दि0 30–07–2004	लघु सिंचाई विभाग से सम्बन्धित समस्त कार्य, वन एवं ग्राम्य विकास आयुक्त से व्यवहृत किये जाने विषयक।
8	सं0 4984 दि0 13–09–2004	लघु सिंचाई विभाग से सम्बन्धित समस्त कार्य, ग्राम्य विकास आयुक्त शाखा में मिलाकर आवंटित किया जाता है।
9	सं0 570 दि0 20–11–2004	आंकडों की गुणवत्ता एवं उनकी सामयिक उपयोगिता को सृदृढ करने हेतु सुधारात्मक पहल।
10	सं0 338 दि0 31–03–2005	पंचायती–राज–व्यवस्था के अन्तर्गत, लघु सिंचाई विभाग में, जल–उपभोक्ता–समूह के माध्यम से सिंचाई–सहभागिता– प्रबन्धन– व्यवस्था।
11	सं0 254 दि0 08–06–2005	निर्माण कार्यों की प्रगति व गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु, अधिकारियों/कर्मचारियों से अनियमितता की दशा में वसूली विषयक।
12	सं0 144 दि0 27–07–2005	पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत सिंचाई सहभागिता प्रबन्धन व्यवस्था के क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश।
13	सं0 228 दि0 29–07–2005	वित्त अधिकारों का प्रतिनिधायन।
14	सं0 554 दि0 24–07–2006	लघु सिंचाई विभाग के अनतर्गत व्यवहृत होने वाले कार्यों/प्रकरणों के सम्पादन/निस्तारण के सम्बन्ध में मा0 विभागीय मंत्री जी के स्थायी आदेश।
15	सं0 625 दि0 13–09–2006	उत्तरांचल लघु सिंचाई विभाग के संरचनात्मक ढॉचे की स्वीकृति।
16	सं0 643 दि0 22–09–2006	उत्तरांचल अभियन्ता सेवा लघु सिंचाई विभाग नियमावली 2006
17	सं0 1355 दि0 14–11–2007	उत्तराखण्ड लघु सिंचाई विभाग, लिपिक वर्गीय लेखा परीक्षा और लेखा कर्मचारी सेवा नियमावली 2007
18	सं0 1357 दि0 15–11–2007	उत्तराखण्ड उत्तर प्रदेश लघु सिंचाई विभाग रेखांकन सेवा नियमावली, 2007
19	सं0 1454 दि0 06–12–2007	जिला योजना के अन्तर्गत कतिपय मदों हेतु प्राविधानित बजट की धनराशि लघु सिचांई विभाग को आवटिंत करने के सम्बन्ध मे।

क्र0सं0	शासनादेश संख्या व दिनांक	विषय
20	सं0 1101 दि0 24–07–2008	लघु सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के संरचनात्मक ढांचे को पुनर्गठित किये जाने की स्वीकृति
21	सं0 1112 दि0 25–07–2008	लघु सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के पुनर्गठित संरचनात्मक ढांचे की स्वीकृति
22	सं0 1239 दि0 12–08–2008	उत्तराखण्ड लघु सिंचाई उत्तरांचल लघु सिंचाई (सिंचाई विभाग), कनिष्ठ अभियन्ता (समूह''ग'') सेवा (संशोधन) नियमावली, 2008
23	सं0 1373 दि0 05–09–2008	पंचायती–राज–व्यवस्था के अन्तर्गत, लघु सिंचाई विभाग में, जल–उपभोक्ता–समूह के माध्यम से सिंचाई–सहभागिता–प्रबन्धन–व्यवस्था ।
24	सं0 376 दि0 02–03–2009	उत्तराखण्ड लघु सिंचाई विभाग, बोरिंग प्रविधिज्ञ सेवा नियमावली, 2009
25	सं0 717 दि0 21–04–2009	प्रदेश के वाहन चालक संवर्ग के संवर्गीय ढांचे का पुर्नगठन।
26	सं0 75 दि0 01–06–2009	लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में निविदा पद्वति लागू किये जाने के सम्बन्ध में।
27	सं0 562 दि0 24–05–2010	वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2010

कार्यालय मुख्य अभियन्ता (उत्तराखण्ड)
कार्मिक अनुभाग (सिंचाई विभाग)
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या 17/मु0अ0/उ0ख0/आर–2/उत्तरांचल दिनांक 03 जनवरी, 2001

कार्यालय ज्ञाप

शासन के आदेश संख्या 29/ल0सिं0/2000 दिनांक 23–12–2000 द्वारा उत्तरांचल में लघु सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियन्ता एवं उनके कार्यालय को तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए, लघु सिंचाई विभाग के विभागाध्यक्ष के अधिकार मुख्य अभियन्ता स्तर–I, सिंचाई विभाग को प्रदत्त किये गये हैं। अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग के अधीन कार्यरत तीनों खण्डों को अग्रिम आदेशों तक सिंचाई विभाग के निम्न मण्डलों में अस्थायी व्यवस्था के अन्तर्गत प्रशासनिक नियन्त्रण में किया जाता है :–

क्रमांक	खण्ड का नाम	मण्डल जिसके प्रशासनिक नियन्त्रण में किया गया है।
1	लघु सिंचाई खण्ड, देहरादून	सिंचाई कार्य मण्डल, देहरादून
2	लघु सिंचाई खण्ड, पौड़ी	सिंचाई कार्य मण्डल, श्रीनगर
3	लघु सिंचाई खण्ड, नैनीताल	सिंचाई कार्य मण्डल, नैनीताल

(आर0एस0 गुलाटी)
मुख्य अभियन्ता (उत्तराखण्ड)

संख्या 17/मु0अ0/उ0ख0/कार्मिक तदिनांक

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– निजी सचिव, मा0 सिंचाई मंत्री, उत्तरांचल, देहरादून।
2– सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तरांचल, देहरादून।
3– मुख्य अभियन्ता, गंगाघटी/यमुना/उत्तर/परिकल्प संगठन, देहरादून, हल्द्वानी, रूड़की।
4– वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी, विभागाध्यक्ष, सिंचाई विभाग, देहरादून।
5– अधीक्षण अभियन्ता (बजट) सिंचाई विभाग, उत्तरांचल, देहरादून।
6– अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन, सिंचाई विभाग, उत्तरांचल, देहरादून।
7– अधीक्षण अभियन्ता, देहरादून/श्रीनगर/नैनीताल।
8– वैयक्तिक सहायक, मुख्य अभियनता (स्तर–1)।

(आर0के0जैन)
अधीक्षण अभियन्ता (कार्मिक)
कृते मुख्य अभियन्ता (उत्तरांचल)

संख्या : 2213/62–2/2(42)/90

प्रेषक,

राम कुमार,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1–मुख्य अभियन्ता,
लघु सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2–समस्त मण्डल युक्त,
उत्तर प्रदेश।
3–समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

लघु सिचांई एवं ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा अनुभाग–2 दिनांक लखनऊ जून 06 2002

विषयः– **जिला योजना के अर्न्तगत सामान्य जाति/अनुसूचित जाति/जनजाति के कृषकों को बोरिंग हेतु निःशुल्क बोंरिग कार्यकम की रणनीति।**

महोदय,

अवगत है कि प्रदेश में लघु एवं सीमान्त कृषकों कें लिये निःशुल्क बोरिंग का कार्यकम फरवरी 1985 से निरंतर चलाया जा रहा है। उक्त कार्यकम वर्ष 2002–2003 में भी चलाया जाना है। अब यह कार्यकम केवल जिला योजना के अन्तर्गत ही कियान्चित हो गा जिसके सम्बन्ध में स्वीकृत परिव्यय पृथक से जारी किये जा रहे है। धन उपलब्ध होने के पष्चात ही योजना का कियान्वयन सुनिश्चित किया जाये।

1– योजना का स्वरूप–

योजना के अर्न्तगत सामान्य जाति/अनुसूचित जाति/जनजाति के लघु एवं सीमान्त लाभार्थियों को निजी लघु सिंचाई साधन उपलब्ध कराने के उद्देशय से बोरिंग निर्मित कर उपलबघ करायी जायेगी तथा बोरिंग के उपयोग के लिए प्रत्येक बोरिंग पर एक पम्पसेट लगाया जायेगा। पम्पसेटों के लिए विभिन्न बैकों से ऋण सुविधा उपलब्ध है। बैंक द्वारा प्राप्त ऋण से पम्पसेट स्थापित करने पर ही लाभार्थियों को अनुदान देया है।

2–इकाई लागत :–

2.1 सामान्य जाति के लघु कृषक को 3000 रूपयें तक तथा सीमान्त कृषक को 4000 रूपयें तक की सीमा तक तथा अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लघु एवं सीमान्त कृषक को 5000 रूपयें की सीमा तक बोरिंग पर अनुदान उपलब्ध होगा।

2.2 बुन्देलखण्ड राज्स्व मण्डल के जनपदों में निःशुल्क बोरिंग की लागत सीमा विकास खण्डवार वास्तविक व्यय अथवा रू0 4590 से 7000 जो कम हो, के अनुसार होगी। इन बोरिंगों पर जिला सेक्टर संसाधनों से लघु /सीमान्त कृषकों हेतु निर्धारित कमशः रू0 3000/– 4000/– एवं 5000/– का व्यय भार भार वहन करते हुए उन पर अवशेष धनराशि का व्यय भार पर्वूवत बुन्देलखण्ड विकास निधि से किया जायेगा। यह सुविधा बुन्देलखण्ड विकास निधि से धनराशि प्राप्त होने पर ही दये होगी।

2.3 निर्धारित लागत सीमा में बोरिंग पूर्ण करने के उपरान्त यदि धनराशि बचती है तो अवशेष धनराशि से निर्धारित अनुदान सीमा तक कृषक की बोरिंग पर पम्पसेट की एसेसरीज, रिफलेक्श वाल्व/नान रिर्टनवाल्व, डिलिवरी पाइप इत्यादि उपलब्ध करा दिया जायेगा यदि लागत अधिक आती है तो अतिरिक्त व्यय सम्बन्धित लाभार्थी /कृषक द्वारा प्रचलित प्रकिया के अनुसार स्वयं वहन किया जायेगा।

3–वित्तीय व्यवस्था :

वर्ष 2002–2003 के लक्ष्य हेतु बोरिंग निर्माण एवं पम्पसेट अनुदान के लिए वाछित धनराशि की जनपदवार फॉट शासन द्वारा जिला सेक्टर के परिव्यय एवं उपलब्ध बजअ के सापेक्ष सम्बन्धित जिलाधिकारी को उपलबघ करायी जायेगी तथा सम्बन्धित जिलाधिकारी उपलबघ करायी गयी फॉट के अनुसार सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई को धनराशि अवमुक्त करेंगे जिसकी सी0सी0एल0 मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी की जायेगी।

4– लक्ष्यों का निर्धारण :–

4.1 क्षेत्र पंचायत (विकास खण्ड) हेतु लक्ष्यों का निर्धारण जनपद में अतिदोहित/किटिक्ल/सेमी किटिक्ल विकास खण्डों की स्थिति, क्षेत्र में कार्यकम की मांग तथा भूजल विकास की सभावना को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य विकास अधिकारी/जिला पंचायत द्वारा किया जायेगा।

4.2 खण्ड विाकस अधिकारी /क्षेत्र पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतों के लक्ष्य उपरोक्तानुसार अनुमोदित किये जायेगें।

4.3 ग्राम पंचायत द्वारा गप्रम जल संसाधन समिति की सहमति से उपरोक्तनुसार निर्धारित लक्ष्यों से 25 प्रतिशत से अधिक की संख्या में लाभार्थियों का चयन कर सूची खण्ड विकास अधिकारी को प्रस्तुत की जायेगी।

5– लाभार्थी का चयन :–

कृषक की निःशुल्क बोरिंग के लिये चयन की प्रकिया निम्नुसार होगी।

5.1 बुहुउद्देशीय कर्मी द्वारा आर्थिक रिजस्टर के आधार पर ऐसे कृषकों की सूची तैयार की जायेगी जो चयन के लिए पात्र हों। इसके अतिरिक्त बोरिंग टेक्नीशियन द्वीरा लघु सिचांई विभाग के शासनादेश संख्या 5257–1/62–2–2001–2–2(27)/99 दिनांक 16 दिसम्बर 2001 के कम में तैयार किये गये इनवेन्ट्री रजिस्ट्रर से यह भी देखा जायेगा कि सम्बन्धित कृषक लाभार्थी वर्ष में किसी योजना के अन्तर्गत लाभान्ति हुआ है अथव नहीं और यदि सम्बन्धि कृषक/लाभार्थी पूर्व में लाभ ले चुके है तो उसे पत्राता सूची से हटा दिया जायेगा।

5.2 बहुउद्देशीय कर्मी/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा उक्त सूची के अनुसार इन कृषको का विवरण स्प–पत्र–1 प्रति संलग्न कर अंकित कर पात्रता के सम्बन्ध में संस्तुति की जायेगी।

5.3 इस सूची पर गू सभा की खुली बैठक में विचार किया जायेगा। यिद कोई कृषक अपना नाम चयन में लाना चाहते हैं तो उसका परिपत्र भ्रवाकर पात्रतानुसार चयन कर लिया जायेगा। अनुमोदित सूची क्षेत्र पंचायत/खण्ड विकास अधिकारी को भेजी जायेगी।

5.4 खण्ड विकास अधिकारी, गप्रम पंचायत द्वारा अनुमोदित सूची के प्रत्येक चयनित लाभार्थी के रूप –1 पर उक्त आशय का प्रमाण पत्र अंकित करेंगें।

6– चयन में प्राथमिकतायें एवं प्रतिबन्ध :–

चयन में निम्न प्रतिबन्ध एवं प्राथमिकताये होंगी :–

6.1 चयन करते समय यह ध्यान दें कि जो बोरवेल कि जो बोरवेल /नलकूप स्थापित दिये जा रहे हैं वहां खेती होनी चाहिए। यदि अतिमहत्वपूर्ण है। इस बिन्दु पर कृषि विभाग से समन्वयं स्थापित करके विभाग के कार्यों से सम्बनिधत सूचना का आदान प्रदान कृषि विभाग से होना चाहिए।

6.2 जिन कृषकों की बोरिंग में पम्पसेट स्थापित किया जाना है उसके सम्बन्ध में यह ध्यान रखा जाय कि प्रस्तावित नलकूप/पम्पसेट से लगभग 3 हेक्टेयर शुद्व कृषि योग्य भूमि को सिंचाई सम्भव हो जाये।

6.3 अतिदोहित/किटकल विकास खण्डों में चयन नहीं किया जायेगा।

6.4 सेमी किटिकल विकास खण्डों में नाबार्ड द्वारा स्वीकृत सीमा के अर्न्तगत ही चयन किया जायेग।

6.5 संस्थगत वित्त पोषित मामालों में बोरगि/पम्पसेट के मध्य दूरी नाबार्ड द्वारा जनपद विशिष्ट के लिये निर्धारित दूरी से कम नहीं होनी चाहिए।

6.6 उन क्षेत्रों में निमें नहरों से पानी मिने में विशेष कठिनाई है, कृषकों को चयन मे प्राथमिकता देते हुए उनका कार्य भी प्राथमिकता से कराया जायेगा।

6.7 अम्बेडकर ग्रामों में बोरगि निर्माण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी।

6.8 योजना में 0.5 हेक्टेयर के कम जोत वाले कृषकों की व्यक्तिगत बोरगि न की जाय। 0.5 हेक्टेयर से कम जोत वाले कृषकों को प्रत्येक वर्ष के प्रारम्भ में चिन्हित कर न्यूनतम चार या पॉच कृषकों का समूह बनाया जाय और समूह बनने तथा उसके प्रभावी रूप से सकिय होने क उपरान्त समूह के लिये एक बोरिंग निर्मित की जाय। कृषकों के पारिवारिक विघटन एवं उत्तरोत्तर जोत में कमी होने के कारण समूह गठन पर विशेष बल दिया जाय।

6.9 नलकूपों का डिजाइन करते समय विभाग के अधिकारी प्री–मानसून जल स्तर को ध्यान में रखे और उसी आधार पर नलकूप की गहराई इत्यादि निर्धारित करे।

7– ऋण की स्वीकृति :–

7.1 प्रत्येक लाभार्थी की बोरिंग प्रारम्भ करने के पर्वू उसे पम्पसैट हेतु ऋण स्वीकृत कराना आवश्यक होगा। पम्पसेट की स्थापना हेतु उनके प्रार्थना पत्र, निर्धारित प्रपत्र पर औपचारिकता पूर्ण कराते हुए अनुमोदित चयन सूची के आधार पर बहु1उद्देशीय कर्मी बोरिंग टेक्नीशियन/सहायक बोरिंग टेक्नीनिशयन व अन्य अधिकारी जो इस कार्य हेतु अधिकृत हों, के द्वारा त ैयार किये जायेगें जिन पर अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई द्वारा तकनीकी प्लान अंकित कर खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से बैंकों को प्रेषित किये प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जायेगा। इसके साथी उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक की पूर्ववत ऋण वितरण करते रहेंगे।

7.2 समस्त बोरिंग पर पम्पसेट स्थापित करना अनिवार्य होगा।

7.3 बैकों द्वारा प्रार्थना पत्रों का तत्परता से परीखण करके प्रार्थनापत्रों पर निर्णय लिया जायेगा तथा ऋण स्वीकृति आदेश पत्र खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा। ऋण स्वीकृति आदेश प्राप्त होने के उपरान्त बोरिंग कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

8– सामग्री व्यवस्था :–

8.1 जनपद के लक्ष्यों के अनुरूप एम0एस0 पाइप से होने वाली बोरिंग हेतु सामग्री की मांग का आंकलन सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता द्वारा किया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता गत वर्ष के अवशेष को देखते हुए एम0.एस0 पाइप की वास्तविक मांग अधीक्षण अभियन्ता के माध्यम से मुख्य अभियन्ता को प्रेषित करेंगे। जिसकी व्यवस्था मुख्य अभियन्ता, लघु सिचांई द्वारा कय निमों के अर्न्तगत की जायेगी।

8.2 सामग्री का वितरण विकास खण्डों में इस प्रकार किया जायेगा कि लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिये आवश्यक सामग्री विकास खण्डों में उपलब्ध रहे।

8.3 पी0.वी0सी0 पाइप से निर्मित होने वाली बोरिंग हेतु पी0वी0सी0 पाइन व अन्य सामग्री की व्यवस्था कृषकों द्वारा स्वयं की जायेगी और इस सम्बन्ध में शासनादेश संख्या 204/52–2–90–2/2(23)/97 दिनांक 13 फरवरी, 1990 द्वारा जारी विस्तृत निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी परन्तु उक्त शासनादेश के साथ संलग्न रूप पत्रों के स्थान पर वर्तमान में निर्गत शासनादेश संख्या 5257–1/62–2–2001–2/2(27)/99 दिनांक 16–12–2001 के साथ संलग्न रूप पत्रों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। साथ ही पर्वोक्त शासनादेश दिनांक 13 फरवरी,ख 90 द्वारा जारी विस्तृत निर्देशों के बिन्दु से के अन्तर्गत की गई व्यवस्था के सापेक्ष अब सामग्री कय हेतु स्वीकृत की जाने वाले धन की गणना हेतु सहायक अभियन्ता (ल0सि0) कुल अनुदान में से बोरिंग टेक्नीशियन के चार्जेज नहीं घटायेंगे।

(1) शासनादेश संख्या : 3056/62–2–98–2/2(23)/97 दिनांक 16–04–98 द्वारा की गई व्यवस्था के अनुसार पी0.वी0सी0 पाइप के कय हेतु अनुमन्य अनुदान का बैंक सम्बन्धित कृषक के नाम निर्गत कर दिया जायेगा तथा सम्बन्धित कृषक द्वारा चेक की सहायक अभियन्ता/खण्ड विकास अधिकारी के समक्ष इन्डोंस करते हुए सम्बन्धित फर्म/डीलर को उपलबघ कराया जायेगा अथव लघु सिंचाई विभाग द्वारा बोंरिंग पूर्ण होने के उपरान्त कृषक से अधिकार पत्र प्राप्त कर सम्बन्धित डीलर /फर्म को सीधे भुगतान किया

जायेगा। भुगतान हेतु दोनों व्यवस्थओं में से एक व्यवस्थ चुनुने के लिये कृषक/लाभार्थी स्वतत्र होंगे।

(2) अनुदान स्वीकृत करने हेतु पी0वी0सी0 पाइप तथा अन्य सामग्री की दरें निर्धारित करने हेतु शासनादेश संख्या 3251/52–2–90–2(23)/97 दिनांक 23 अप्रैल 1990 द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के अन्तर्गत निम्न सदस्य रहेंगे जो दरें निर्धारित करेंगे।

(1) जिलाधिकारी	अध्यक्ष
(2) मुख्यविकास अधिकारी /अपर जिलाधिकारी परियोजना	सदस्य
(3) अधिशासी अभियन्ता (ल0सि0)	संयोजक
(4) अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, सिचांई विभाग	सदस्य
(5) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई	सदस्य

(3) शासनादेश संख्या : 5257–1/82–2–2001–2/2(27)/99 दिनांक 16–12–2001 द्वारा निर्गत संशोधित रूप पत्र 3अ,3ब एवं 3स पर बोंरिंग टेक्नीशियन/अवर अभियन्ता द्वारा निर्धारित विशिष्टियों की सामग्री कय किये जाने एवं बोरिंग में प्रयुक्त किये जाने का प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

(4) शासनादेश संख्या : 3253/62–2–90–2/2(23)/97 दिनांक 23–4–90 में की गई व्यवस्था के अनुसार कृषक द्वारा सहमति दिये जाने की दशा में सामग्री कय हेतु आवश्यक आंशिक धनराशि मजदूरी के अंश उपलबध करायी जा सकेंगी।

(5) कृषक द्वारा कय किये जा रहे पी0वी0सी0 पाइप एवं फिटिंग की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु शासनादेश संख्या–5633/62–2–2–2000 –2/12(40)/90दिनांक 22–11–2000 द्वारा की गई व्यवस्था के अनुसार सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं अधिशासी अभियनता द्वारा कार्यवाही की जायेगी और भुगतान करने से पूर्व वे यह पुष्टि करंगे कि पाइप की आपूर्ति करने वाला डीलर/उपडीलर आई0एस0आई0 लाइसेन्सधारी, निर्माता फर्म का अधिकृत डीलर है कि नहीं और उसके द्वारा फर्म से आई0एस0आई0 मार्क पाइप का वास्तव में कय किया गया है अथवा नही।

9– <u>निःशुल्क बोरिंग का कियान्वयन :–</u>

9.1 पस्तर–7 के अन्तर्गत स्वीकृत प्रार्थना पत्रों के आधार पर निः शुल्क बोरिंग करायी जायेगी।

9.2 निःशुल्क बोरिंग कार्यकम के अर्न्तगत विभिन्न मदों के लिये दर अनुसूची (शिड्यूल ऑफ रेट्स) सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता(लघु सिचांई) द्वारा निर्धारित संशोधित किये जायेगें । अधिशासी अभियन्ता, लघु सिचांई दर अनुसूची के अनुसार कार्य कराये जाने के लिये उत्तरदायी होगें और अधीक्षण अभियन्ता (ल0सि0) यह सुनिश्चित करेंगे कि दर अनुसूची के अनुसार ही कार्य हो रहा है।

9.3 स्ट्रेपर बोरिंग में लगभग शत–प्रतिशत मामलों में प्राप्त आई0एस0 कोड 4982/– के अनुसार 113एम0एस0 के0जी0एफ पी0वी0सी0 पाइप व स्ट्रेनर का उपयोग किया जाना है,, लोहे के पाइप की तुलना में पी0वी0सी0 पाइप की दक्षता अधिक होने के ताप की सामग्री लागत कम होन से कैविटी बोरिंग में भी यथा सम्भव 5 के0जी0एफ का पी0वी0सी0 पाइन का प्रयोग किया जाय जब तक हाइड्र जियालोजिकल परिसिीतियां एम0एस0 पाइप से बोंरिंग हेतु बाध्य न करे। ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर सम्बनिघत अधीक्षण अभियन्ता (ल0सि0) विभाग से अनुमोदिन प्राप्त करने के बाद ही इन क्षेत्रों में एम0एस0 पाइप का प्रयोग किया जा सकेगा। एम0एस0 पाइइ आइ0एस0 कोड 4902 के अनुसार 100 एम0.एम0 व्यास क्लास का होगा

9.4 अवर अभियन्ता (ल0सि0) विभागीय बोंरिग टेक्नीशियन/सहायक बोरिग टेक्नीशियन के माध्यम से बोरिंग का कार्य करायेगें कार्य के सम्बन्ध में समय–समय पर इस विषय में जारी आदेश/निर्देश एवं वित्तीय नियामों को पूर्ण पालन किया जायेगा।

9.5 निः शुल्क बोरिंग योजना में डुप्लीकेसी की सम्भावना को रोकने हेतु खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अन्य योजनाओं में बोरिग हेतु चयनित लाभार्थी की सूची प्रत्यके माह में साहयक अभियन्ता, लघु सिंचाई को उपलबध कराई जायेगी। लघु सिंचाई विभाग की निः शुल्क बोरिंग योजना में बोरिंग की स्वीकृति के उपरान्त अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई द्वारा सम्बन्धित बोरिंग

टेक्नीशियन को कृषकों की सूची उपलबघ कराई जायेगी। जिसके अनुसार बोरिंग टेक्नीशियन समयबद्व कार्यक्रम बनाकर बोरिंग कार्य पूर्ण करायेंगे। जिन मामलों में मजदूरी का भुगतान अनुमन्य अनुदान से किया जाना हो, उसके सम्बन्ध में बोरिंग प्रारम्भ करने से पर्वू लघु सिंचाई विभाग द्वारा बोरिंग टेक्नीशियन को मस्टरोलउपलबध कराया जायेगा।

9.6 निःशुल्क बोरिंग योजना के लक्ष्यों में वृद्वि हो जाने तथा विभाग में बोरिंग टेक्नीशियन/सहायक बोरिंग टेक्नीशियन के कई पद रिक्त होने के कारण वित्तीय वर्ष 2002–2003 में प्राइवेट सेट लगाने की अनुमती शासनादेश संख्या :2270/54–2(299)27/00 दिनांक 14 मई 62 के अनुसार इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जाती है कि प्राइवेट सेट उन्हीं विकास खण्डों में लगाये जायेगें जहां लक्ष्यों के सापेक्ष बोरिंग टेक्नीशियन/सहायक बोरिंग टेक्नीशियन नही है और इस हेतु सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता (ल0सि0) से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी।

9.7 अवर अभियन्ता का यह दायित्व होगा कि सिकी भी बोरिंग पर निर्धारित सीमा से अधिक व्यय न हो। यदि सीमा के अतिरिक्त धन आवश्यक है तो अन्तर की राशि नकद धन के रूप में जमा कराई जायगी, अथवा कृषक द्वारा सामग्री श्रमांश आदि के रूप में व्यय की जायेगी।

9.8 बोरिग पूर्ण हाने पर बोरिगं कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न संशोधित रूप पत्र–4 तैयार किया जायेगा । जिस पर केवल लाभार्थी, बोरिंग टेक्नीशियन सम्बन्धित अवर अभियन्ता और ग्रम पंचायत को जल प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के हस्ताक्षर होंगे। यह प्रमाण पत्र खण्ड विकास अधिकारी के प्रति हस्ताक्षर सहित सहायक अभियन्ता (ल0सि0) तथा कृषकों ने जिस बैंक से पम्पसेट लगाने के लिये ऋण लिया है उससे सम्बन्धित बैंकों को प्रेषित किया जायेगा। यह प्रपत्र बोरिंग हस्तान्तरण को भी प्रमाणित करेगा।

9.9 पूर्ण बोरगि की सूची ग्रम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर या किसी सार्वजनिक स्थल पर प्रदर्शित की जायेगी।

9.10 निः शुल्क बोंरिग कार्य लघु सिंचाई विभाग द्वारा लोक लेखा पद्वति के अन्तर्गत कराया जायेगा। जिन मामलनों में निर्धारित सीमा के भीतर बोरिंग का कार्य सम्भव है, समस्त कार्य विभाग द्वारा पूर्ण कराकर लाभंश का भुगतान मजदूरों को सीधे किया जायेगा।

9.11 निःशुल्क बोरिंग योजना में कृषकों को अनुमन्य अनुदान में से बोरिंग टेक्नीशियन सहायक बोरिंग टेक्नीशियन का वेतन भत्ता आदि काअने की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गयी है, भवष्यि में कृषक की अनुमन्य धनराशि सें बोरिंग सेट का किराया ही काअकर राजस्व में जमा किया जायेगा।

10– <u>पम्पसेट स्थापना, अनुदान स्वीकृत एवं समयोजन :–</u>

10.1 लक्ष्यों के सपेक्ष्या पम्पसेट अनुदान की 50 प्रतिशत धनराशि सम्बनिघत अधिशासी अभियन्ता (ल0सि0) द्वारा ऋण उपलबघ कराने वाली संस्थाओं विशेष रूप से उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैक को उपलबघ करायेंगे। सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड विकास अधिकारी के मांग प्राप्त कर संकलित करेंगे और बैकवार/शाखावार मांग अधिशासी अभियन्ता को उपलब्ध करायेगें। शासनादेश संख्या 2670/एम0आई0/30–4–1/93260 दिनांक 20–01–1994 में की गई व्यवस्था के अनुसार 50 प्रतिशत अग्रिम धनराशि देने के उपरान्त ऋण देने वाली संस्थाओं की नियमित बैठक कराकर उसका समायोजन कराये।

10.2 पम्पसेट अनुदान दिये जाने के बाद सम्बन्धित बैंक द्वारा निर्धारित रूप पत्र पर समयोजन की कृषकवार, मासिक सूचना लघु सिंचाई विभाग को दी जायेगी। पूर्व में उपलबघ कराये गये अग्रिम अनुदान राशि का सामायोजन प्राप्त होने के उपरान्त ही लघु सिचांई विभाग द्वारा अनुदान की अगली किश्त की धनराशि बैंक को दी जायेगी।

10.3 योजना के अ न्तर्गत कृषक द्वारा स्थापित किये गये पम्पसेट के सत्यापन की सूचना पत्रावली बनाने वाले बहुउद्देशीय कर्मी/अथवा अन्य अधिकारी ऋण वितरण होने के एक माह के अन्दर खण्ड विकास अधिकारी को प्रेषित करेंगे। इस सूचना में जल प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष एवं ग्रम प्रधान का प्रमाण पत्र भी अंकित होगा जिसके लिये रूप पत्र का निर्धारिण मुख्य अभियन्ता द्वारा अलग से किया गया हैं खण्ड विकास अधिकारी सूचना को सम्बनिघत बैक

एवं सहायक अभियन्ता, लघु सिचांई को प्रत्येक माह में प्रेरित करेंगे और यदि ऋण स्वीकृत होने के तीन माह के अन्दीर कृषक द्वारा पम्पसेट स्थापित नहीं किया जाता है तो सम्बन्धित बैक द्वारा कृषक से रिकवरी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। सके अतिरिक्त यह व्यवस्था भी की जाय कि कृषक का पम्पसेट, ऋण की सम्पूर्ण रिकवरी होगे तक बन्धक रखेगा और इस अवधि में पम्पसेट बेचा जाना पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। पम्पसेट की स्थापना प्रमाण पत्र देने जिम्मेदारी पत्रावली बनाने वाले कर्मचारी की होगी जिसका प्रमाण पत्र अवर अभियन्ता लघु सिचांई व खण्ड विकास अधिकारी के हस्ताक्षर से बैक वह सहायक अभियन्ता, लघु सिचांई को भेजा जायेगा।

10.4 योजनान्तर्गत पूर्व के समस्त रूप पत्रां को निरस्त करते हुए संलग्न रूप पत्र 3(3), 3(ब) 3(स) तथा रूप पत्र –4 के अनुसार कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी

10.5 निःशुल्क बोरिंग योजना में कृषक को अनुमन्य अनुदान में से बोंरिग सेट का किराया ही, काटकर राजस्व जमा किया जायेगा। बोरिंग सैट से किराये डिप्रिशियेसन की दरें अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई द्वारा निर्धारित की जाये।

10.6 विभागीय अधिकारी रूप पत्र–2 में प्राप्त सूचनाओं के आधार पर अपने स्तर भी पम्पसेट का सत्यापन तीन माह के अन्दर करायेगें और यदि अनुदान के दुरूपयोग का प्रकरण प्रकाश में आता है तो उकसी सूचना अधिशासी अभियन्ता, संबंधी बैक, जिलाधिकारी तथा मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु देंगे।

10.7 सम्बन्धित बैक/वित्तीय संस्था का यह दायित्व होगा कि इस प्रकार प्रकाश में आये दुरूपयोग के प्रकरणों में दिये गये अनुदान की धनराशि की वसूली करके लघु सिंचाई विभाग को वापस उपलबध कराये। ऐसे मामलों में अधिशासी अभियन्ता (ल0सि0) प्रभावी अनुश्रवण करेंगे।

10.8 अनुदान समायोजन न होने वाले मामलों को शासन द्वारा विशेष गम्भरीता से लिया जायेगा। इस सम्बन्ध में यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी शिथिलता बरतेगा, उसके विरूद्व बडी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

10.9 लाभार्थियों को इस बात की पूरी छूट होगी कि वह अपने मनपसन्द के आई0 एस0आई0 मार्क पम्पसेट खुले बाजार में किसी भी इंजन/पम्पसेट निर्माता के अधिकृत विकेता से अपनी इच्छानुसार खरीद सक। बैकों द्वारा पम्पसेट कय हेतु भुगतान लाभार्थियों के पक्ष में एकाउन्टपेयी चैक द्वारा किया जायेगा।

10.10 निः शुल्क बोरिग योजना में स्थापित बोरिंग एव पम्पसेट की क्षमता पर विचारोपरान्त यदि कृषक अधिक क्षमता का पम्पसेट चाहते हैं तो बारेबेल की क्षमता पम्पसेट की क्षमता के अनुसार निर्धारित की जायेगी। स्थापित किये गये पम्पसेट की सूची खण्ड विकास अधिकारी द्वारा क्षेत्र समिति की बैठक में रखी जायेगी। इसके उपरान्त कृषकों को दये छूट खण्ड विकास अधिकारी की संस्तुति पर बैक द्वारा समायोजित की जायेगी। यदि, क्षेत्र समिति की बैठक में बोरिंग न होने या भुगतान के दुरूपयोग का कोई प्रकरण प्रकाश में आता है, तो खण्ड विकास अधिकारी क्षेत्र समिति का प्रस्ताव मुख्य विकास अधिकारी को भेजेंगे। मुख्य विकास अधिकारी प्रकरण की जांच के परिणामों से क्षेत्र समिति को अवगत करायेगें और दुरूपयोंग के मामलेमें अधिशासी अभियन्ता (ल0सि0) से आवश्यक कार्यवाही करायेगे।

11– <u>गुणवत्ता नियन्त्रण एवं भौतिक सत्यापन :–</u>

11.1 कार्यकम की सफलता के लिये समयबद्व ढंग से लक्ष्य पूर्ति के साथ गुणवत्ता का उच्च स्तर आवश्यक होगा। कुल निष्पादित निःशुल्क बोरिंग कार्यकम के भोतिक सत्यापन तथा निःशुल्क बोरिग कार्यकम में गुणवत्ता बनाये रखने कें लिये विभिन्न स्तरों से निरीक्षण/सत्यापन/जॉच आवश्यक होगी। इस सम्बन्ध में संलग्नक–1 द्वारा निर्धारित मानकों का पालन किया जाये।

11.2 योजना के अर्न्तगत निर्मित कार्यों का सत्यापन ग्राम पंचायत की जल संसाधन समिति द्वारा समय–समय पर किया जायेगा। अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई द्वारा बोरिंग पूर्ण होने पर इसकी सूचना ग्रम प्रंधान एवं जल संसाधन समिति को दंगे तथा जल संसाधन समिति

के अध्यक्ष के समक्ष बोरिंग चलाकर रूप पत्र–4 पर उनसे यह प्रमाण–पत्र किया जाये कि बोरिग सफलता पूर्वक कार्य कर रही है।

11.3 बोरिग कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये उसकी परिकल्पना, प्रयुक्त सामग्री की विशिश्टियों प्रस्तर 7.3 के अनुसार रहेगी। लघु सिचांई विभाग के विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारी उक्त गुणवत्ता के स्तर को सुनिश्चित करने के लिये नियमों एवं शासनादेशों के अर्न्तगत उत्तरदायी होंगे।

11.4 उपरोक्त के अतिरिक्त कृषकों द्वारा कय किये गये पी0वी0सी0 पाइप के संदर्भ में सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता (ल0सि0) लक्ष्यों के एक प्रतिशत मामलों में क्षेत्र का गगण कर कय किये गये पाइप का नमूना लेकर विस्तृत विवरण सहित अधिशासी अभियन्ता, आपूर्ति खण्ड को भेंजेगे तथा अधिशासी अभियन्ता, आपूर्ति खण्ड नमूने की इण्टरनल कोडिगं करते हुए इन नमूनो की इण्टरनल कोडिंग करते हुए इन नमूनों की परीक्षण हेतु " सीपेट" को भेजेंगे और परीक्षण के परिणामों के अनुसार कार्यवाही करेंगे। नमूने लेतें समय अधिशासी अभियन्ता के साथ सम्बनिघत सहायक अभियन्ता और अवर अभियन्ता उपस्थित रहेंगे और अवर अभियन्ता द्वारा पी0वी0सी0 पाइप के नमूने का लम्बाई के अनुसार मूल्य आंकलित कर मौके पर ही पी0 आई0 से सम्बन्धित कृषको को भुगतान कर दिया जायेगा तथा " सीपेट' से कराये गये परीक्षण हेतु व्यय हुई धनराशि भी सम्बन्धित खण्ड में उपलब्ध निःशुल्क बोरिग योजना की कन्टीजेन्सी से वहन की जायेगी। नमूने लेने की विस्तृत प्रकिया इत्यादि अधिशासी अभियन्ता, आपूर्ति खण्ड द्वारा मुख्य अभियन्ता के कर आख्या मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई के माध्यम से शासन को प्रेषित की जायेगी।

11.5 कार्यकम में पारदर्शिता रखने के उद्देश्य सें पूर्ण की गई बोरिंग की सूची एवं स्थापित पम्पसेट की सूची सम्बन्धित ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायतों के नोटिस बोर्ड पर या सिकी सार्वजनिक स्थल पर प्रदर्शित की जायेगी और बैठक में भी प्रस्तुत की जायेगी। वर्ष के अन्त में पूर्ण की गई समस्त बोरिंग के लाभार्थियों की सूची प्रकाशित की जायेगी तंथा क्षेत्र एवं जिला पंचयातों को उपलबघ करायी जायेगी। साथ ही उपरोक्त सूची समस्त जन प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायी जायेगी।

11.6 कार्यकम की गति बनाये रखने के लिये समय–समय पर क्षेत्रीय समसयाओं के निराकरण के उद्देश्य से ग्राम क्षेत्र/जिला पंचायत स्तर पर कार्यकम का नियमित अनुश्रवण समीक्षा करके मुख्य अभियन्ता (ल0सि0) को अवगत करायेंगे।

12 – <u>सामान्य निर्देश :–</u>

12.1 लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित निःशुल्क बोरिग के प्राकक्ल की प्रतियां खण्ड विकास अधिकारी तथा लाभार्थी/कृषक को भी उपलब्ध करायी जायेगी।

12.2 निःशुल्क बोरिंग योजना से सम्बन्धित मुख्य नियम, प्राविधान/नियमावली को लघु सिंचाई विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत की भवन की दीवार पर प्रदर्शित किया जाय।

12.3 लाभार्थियों के चयन से लकर ऋण स्वीकृत करने के स्तर तक की प्रकिया को पूर्ण करने का दायित्व जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी एवं क्षेत्र पंचायत स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी का रहेगा। निःशुल्क बोरिंग कराने, लेखा पूर्ण कराने, अनुदान उपलबघ कराने एवं कार्यकम के कियान्वयन का पूर्ण दायित्व जनपद स्तर पर सहायक अभियन्ता (ल0सि0) एवं खण्ड स्तर पर अधिशासी अभियन्ता (ल0सि0) का होगा जो कार्यकम के नोडल अधिकारी भी होंगे। निर्मित कार्यों के मानक एव दर अनुसूची निर्धारित करने का दायित्व वृत्त के अधीक्षण अभियन्ता (ल0सि0) का होगा। पूर्ण योजना का संचालन एव सामग्री व्यवस्था तथा गुणवत्ता नियन्त्रण का पूर्ण दायित्व मुख्य अभियन्ता (ल0सि0) विभाग का होगा।

12.4 बोरिंग प्रारम्भ करने से पूर्व कृषक, ग्राम प्रधान/संसाधन समिति के अध्यक्ष को यह अवगत कराने की व्यवस्था की जाय कि किस दिन बोरिंग प्रारम्भ की जायेगी। यह व्यवस्था भी की जाय कि जिस दिन बोरिंग प्रारम्भ हो उस दिन ग्राम में एक छोटा सा कार्यकम आयोजित हो जिसमें लाभार्थी, ग्राम प्रधान, जल संसाधन समिति के सदस्य तथा अन्य ग्रामयवासी उपस्थित

रहे। साथी ही बोरिंग पूर्ण होन पर बोरिंग स्थल पर एक पट्टी लगाने की व्यवस्था की जाय जिसमें से यह उल्लेख हो कि किस लाभार्थी की बोरिंग हुई और कितना व्यय हुआ तथा किस बोरिंग टेक्नषिशियन/अवर अभियन्ता ने बोरिगं कराई है। उपरोक्त विवरण से सम्बन्धित पट्टी पम्प हाउस /पम्प हाउस की दीवार पर लागाई जाये। इस मद में व्यय निःशुल्क बोरिंग कन्श्टीजेन्सी से किया जायेगा।

12.5 ग्राम स्तर पर कुल निर्मित बोरिंग की गणना कराकर प्रत्येक कृषक की बोरिग की नम्बरिंग करते हुए मुख्य अभियन्ता के कार्यालय पत्र संख्या 589/ल0सि0/कार्य0/वर्क प्लान/2002 दिनांक 30–04–2002 द्वारा इन्वेन्ट्री रजिस्ट्रर हेतु निर्धारित रूप पत्र में उसका विवरण रखा जाय और इसकी सूचना कृषक, ग्राम पंचायत एवं जल संसाधन समिति को उपलब्ध करायी जाए।

12.5 कार्यक्रम की वित्तीय एवं भौतिक पाक्षिक/मासिक प्रगति की सूचना निर्धारित प्रपत्र पर नियमित रूप से मुख्य अभियन्ता, लघु सिचांई को उपलब्ध करायी जायेगी।

संलग्नकः– यथोक्त

भवदीय

राम कुमार
सचिव।

संख्या 283/नौ–1–सि/2003

प्रेषक,

बी0 आर0 टम्टा
अनु सचिव
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष्ज्ञ,
सिचांई विभाग, उत्तराचंल,
देहरादून।

सिचांई विभाग, दिनांक देहरादून 10 फरवरी, 2003

विषय : लघु सिचांई के कार्य हेतु सांख्यकी सेल के गठन के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्राक–3006/मुअ/सिंविउदे/आर–2, कार्मिक दिनांक 4–1–2003 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि लघु सिचांई के कार्यों हेतु सांख्यकी सेल के गठन एवं उसमें निम्नलिखित पदों के सृजन की स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है।

क0	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनामन
1	शोध अधिकार/सहायक अभियन्ता	1	8000–275–13500
2	शोध सहायक/अवर अभियन्ता	1	4500–125–7000
3	इन्वेसिटमेटर कम कम्पयूटर/सीनियर असिसटेंट	2	4500–125–7000
4	कनिष्ठ सहायक/लिपिक	1	3050–75–3950–80–4590
5	चपरासी	1	2550–55–2660–60–3200

2. उपरोक्त पदों पर सिचांई विभाग/लघु सिचांई विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को ही तैनात किया जायेगा। किसी भी दशा में नई नियुक्ति नही की जायेगी।

3. सांख्यकी सेल के अधिष्ठान से सम्बन्धित समस्त व्यय भारत सरकार से स्वीकृत धनराशि से ही किया जायेगा।

इस सम्बन्ध में वित्त विभाग की सहमति प्राप्त कर ली गई है।

भवदीय

बी0 आर0 टम्टा
अनु सचिव

(1)/नौ–1–सि0/20036, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– महालेखाकार, उत्तरांचलन, ओबराय मोटर्स बिल्डिंग, सहारनपुर रोड, देहरादून।
2– कोषाधिकारी, देहरादून।
3– वित्त अनुभाग–3, उत्तराचंल शासन।
4– अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिचांई मंडल पौडी।
5– निजी सचिव, मा0 सिचांई बाढऋ नियंत्रण एवं लघु सिंचाई विभाग, उत्तराचल शासन, देहरादून।
6– गार्ड फाईल हेतु।

आज्ञा से,

बी0 आर टम्टा
अनु सचिव

संख्या–1057/62–2–2003–2/2(5)/2000

प्रेषक,

राम कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1–मुख्य अभियन्ता,
लघु सिचांई विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।
2–समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
3–सम्सत जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा अनुभाग–2 लखनऊ दिनांक 13 मार्च 2003,

विषय :– **निःशुल्क बोरिंग योजना में अनुसूचति जाति/जनजाति के कृषकों के चयन में न्यूनतम जोत सीमा 0.5 हैक्टेयर के प्रतिबन्ध को समाप्त करने तथा अनुमन्य अनुदान रू0 5000/– को बढ़ाकर रू0 6000/– किये जाने के समबन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहरने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या– 5257–1/62–2–2001–2/2(27)/99, दिनांक 15 दिसम्बर, 2001 एवं संख्या– 2213/62–2–2/2(42)/98, दिनांक 85 जून 2002 द्वारा निःशुल्क बोरिंग योजना के कार्यान्वयन के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देशा जारी किये गये है। शासन द्वारा सम्यक विचारो–परान्त यह निर्णय लिया गया है कि उपर्युक्त शासनादेशों में दिये गये निर्देशों में अतिरिक्त अनुसूचित जाति/जनजाति के कृषकों के समबन्ध में तात्कालिक प्रभाव में निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये :–

1– योजनान्तर्गत कृषकों के चयन हेतु 0.5 हेक्टेयर से कम जोत वाले कृषकों की व्यक्तिगत बोरिंग न क रने के प्रतिबन्ध को समाप्त कर दिया जाये तथा पम्पसेट स्थापित करने की व्यवस्था एवं पम्पसेट के कम में बैंक ऋण लेने की को समाप्त कर स्वैच्छिक कर दिया जाय। योजनान्तर्गत कृषकों के अनुबन्ध अनुदान रू5000/– से बढ़ाकर 6000/– कर दिया जाय।

उपुर्यक्त के फलस्वरूप दिनांक 15 दिसम्बर, 2001 तथा शासनादेश दिनांक 06जून 2002के प्राविधानउक्त सीमा तक संशोधित किया जायेगा।

उपर्युक्त आदेशों के प्रतिकूल यदि कोई तथ्य /निर्देष पूर्व में जारी है हो तो उन्हे तात्कालिक प्रयाग से निरस्त समझा जाये।

भवदीय

राम कुमार

संख्या :– 1087(1)/62–2–2002–2/2(6)/2000 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित से सूचनार्थ प्रेषित :–

1– कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के समस्त प्रमुख सचिव।

2–ग्रामीण अवस्थापना आयुक्त शाखा के समस्त प्रमुख सचिव/सचिव।

3–प्रमुख सचिव/सचिव वित्त/नियोजना/राजस्व/संस्थागत वित्त उत्तर प्रदेश शासन।

4–कृषि उत्पादन आयुक्त तथा ग्रामीर्ण अवस्थापना आयुक्त शाखा के समस्त विभागाध्यक्ष।

5–प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।

6–स्टाफ आफिसर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

7– अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरशन लखनऊ।

8– प्रबन्ध निदेशक, राष्ट्रीयक कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक लखनऊ।

9–प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी ग्राम्य विकास संस्थन उत्तर प्रदेश।

10– निदेशक, भूगर्भ जल विभाग/राज्य ग्राम विकास संस्थान उत्तर प्रदेश।

11–समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

12–निदेशक लघु, सिचांई एव जल प्रयोग बी0के0टी0 लखनऊ।

13–समस्त सयुक्त /उप विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

14–समस्त अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता लघु सिचांई उत्तर प्रदेश।

15–समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

16– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

17– अधीक्षण अभियन्ता/विषय विशेषज्ञ, लघु सिचांई विभाग लखनऊ।

18–अधिशासी अभियन्ता (ल0सि0) आपूर्ति खण्ड लखनऊ।

19–निदेशक संस्थागत वित्त निदेशालय, उ0 प्र0 स्टेशन रोड लखनऊ।

20–गार्ड फाईल अनुभाग–2

आज्ञा से

हा0

(देव प्रताप सिंह)

अनु सचिव

पंजीकृत संख्या–यू0ए0–38/03

(लाइसेन्स टू पोस्ट विदाउट प्रीपेगेन्ट)

सरकारी गजट, उत्तरांचल

उत्तरांचल सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधरण

देहरादून, शुक्रवार, 17 अक्टूबर, 2003 ई0
आश्विन 25, 1925 शक सम्वत्

उत्तरांचल शासन

लघु संचाई (सिंचाई विभाग)

संख्या 249/नौ–1–सिं0 (स्थापना)/2003

देहरादून, 17 अक्टूबर, 2003

अधिसूचना

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए पूर्व में निर्गत सभी आज्ञाओं/नियमों को निष्प्रभावी करते हुए, श्री राज्यपाल महोदय, लघु सिंचाई (सिंचाई विभाग) उत्तरांचल की कनिष्ठ अभियन्ता, सेवा के पदों पर भर्ती, पदोन्नति करने एवं उसमें नियुक्त कर्मियों की सेवा शर्ते निर्धारित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं:–

उत्तराचंल लघु सिंचाई (सिंचाई विभाग) कनिष्ठ अभियन्ता (समूह"ग") सेवा नियमावली, 2003

भाग एक–सामान्य

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ–

(1) यह नियमावली उत्तरांचल लघु सिंचाई (सिंचाई विभाग), कनिष्ठ अभियन्ता (समूह "ग") सेवा नियमावली, 2003 कहलायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

2. सेवा की प्रास्थिति–

उत्तरांचल, कनिष्ठ अभियन्ता, लघु सिंचाई (सिंचाई विभाग) की एक राज्य सेवा होगी जिसमें समूह "ग" के पद समाविष्ट हैं।

3. परिभाषायें–

जब तक कि विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में–

(अ) "नियुक्ति प्राधिकारी" का तात्पर्य ऐसे अधिकारी से है जिसे ऐसी नियुक्ति करने हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किया जाय,

(ब) "समिति" का तात्पर्य चयन समिति से है जिसका गठन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया हो

(स) "संविधान" का तात्पर्य भारत का संविधान से है,

(द) "राज्यपाल" का तात्पर्य उत्तरांचल के राज्यपाल से है,

(र) "सरकार" का तात्पर्य उत्तरांचल की राज्य सरकार से है,

(ल)"सेवा से सदस्य" का तात्पर्य लघु सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियन्ता के अपने संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति से है,

(व) "सेवा" का तात्पर्य उत्तरांचल कनिष्ठ अभियन्ता सेवा लघु सिंचाई विभाग (सिंचाई विभाग, समूह "ग") से है,

(ड) "मौलिक नियुक्ति" का तात्पर्य लघु सिंचाई विभाग, कनिष्ठ अभियन्ता सेवा के अपने संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति से है जो, तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन द्वारा की गई हो,

(च) "भर्ती का वर्ष" का तात्पर्य किसी कैलेन्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह माह की अवधि से है,

(छ) "विभागाध्यक्ष" का तात्पर्य मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, मुख्य अभियन्ता (स्तर–1) सिंचाई विभाग से है,

(ज)"मुख्य अभियन्ता" का तात्पर्य मुख्य अभियन्ता स्तर–2 से है,

(झ)"मण्डल" का तात्पर्य लघु सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियन्ता के कार्यालय/संस्थान से है।

(क)"खण्ड"का तात्पर्य लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय अथवा समकक्ष संस्थान से है।

भाग दो–संवर्ग

4. सेवा का संवर्ग–

सेवा की संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या वह होगी जो परिशिष्ट (क) में की गई है अथवा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाएगी।

परन्तु

श्री राज्यपाल रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकते हैं या उसे स्थगित रख सकते हैं जिसके लिए कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

भाग तीन–भर्ती

5. भर्ती के स्रोत–

सेवा में पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जाएगी–

(क) कनिष्ठ अभियन्ता (लघु सिंचाई)/हाईड्रम–

(1) 75 प्रतिशत सेवा में कनिष्ठ अभियंता की सीधी भर्ती परिशिष्ट "क" के स्तम्भ में विहित तकनीकी योग्यता धारक जिसमें कृषि/सिविल/यांत्रिक में योग्यता धारक के मध्य 50 : 30 : 20 के अनुपात में यथा स्थित अभ्यर्थियों से की जाएगी।

(2) 25 प्रतिशत पदोन्नति ऐसे बोरिंग टेक्निशियन/हाईड्रम टेक्निशियन जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को 10 वर्ष की सेवा इस रूप में पूर्ण कर ली हो तथा विहित अर्हतायें यथा स्थिति रखते हों, में से चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा की जाएगी।

6. आरक्षण–

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण, भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जाएगा।

भाग चार–अर्हताएं

7. राष्ट्रीयता–

सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी–

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आये हों, या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या, युगाण्डा या युनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तन्जानिया (पूर्वर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो:

उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) के अभ्यर्थी को ऐसा होना चाहिए जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो:

परन्तु यह भी कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जाएगी कि वह पुलिस उप महानिरीक्षक, अधिसूचना शाखा, उत्तरांचल से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले:

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जाएगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जाएगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

टिप्पणी–ऐसे अभ्यर्थी को, जिसने मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु वह न तो जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार मे सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

8. **शैक्षिक अर्हता**–
कनिष्ठ अभियंता के पद पर सीधी भर्ती हेतु परिशिष्ट–क के स्तम्भ–5 में विनिर्दिष्ट तकनीकी अर्हतायें होनी आवश्यक हैं।

9. **अधिमानी अर्हताएं**–
अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जाएगा, जिसने–
(एक) प्रादेशिक सेवा में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या
(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र किया हो।

10. **आयु**–
सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कैलेण्डर वर्ष को जिसमें आयोग द्वारा सीधी भर्ती के लिए रिक्तियाँ विज्ञपित की जायें, पहली जुलाई को 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 35 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो।

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के, जो राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाय, अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

11. **चरित्र**
सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो सके।
टिप्पणी–संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। नैतिक अक्षमता के किसी अपराध के लिए दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

12. **वैवाहिक प्रास्थिति**–सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र न होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हो या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र नहीं होगी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो:

परन्तु राज्य सरकार किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है, यदि उसका यह समाधान हो जाये कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान है।

13. शारीरिक स्वस्थता–

कोई भी व्यक्ति सेवा के सदस्य के रूप में केवल तभी नियुक्त किया जाएगा जबकि उसका मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा हो और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिसके कारण उसे सेवा के सदस्य के रूप में अपने कर्त्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो। सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किए गए अभ्यर्थी की सेवा में अन्तिम रूप से अनुमोदित करने से पूर्व उससे वित्तीय हस्त–पुस्तिका खण्ड–2, भाग 2 से 4 के मूल निमय 10 के अधीन जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जायगीः

परन्तु पदोन्नति द्वारा भर्ती किए गए अभ्यर्थी से स्वास्थता प्रमाण–पत्र की अपेक्षा नहीं की जाएगी।

भाग पांच–भर्ती की प्रक्रिया

14. रिक्तियों की अवधारण–

नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम–6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ी जातियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा और उसकी सूचना चयन समिति को देगा।

15 सीधी भर्ती की प्रक्रिया–

(1) सीधी भर्ती के प्रयोजन के लिए एक चयन समिति का गठन विभागाध्यक्ष द्वारा निम्नानुसार किया जाएगाः–

(i) अधिष्ठान का मुख्य अभियन्ता	अध्यक्ष
(ii) वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी (विभागाध्यक्ष)	सदस्य
(iii) अधीक्षण अभियन्ता, (कार्मिक)	संयोजक

उक्त में ये यदि कोई अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का अधिकारी नहीं है तब नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नामित अनुसूचित जाति/जनजाति का अधिकारी जो एक स्तर से निम्न का न हो, सदस्य रहेगा।

(2) रिक्तियों की सूचना चयन समिति के अध्यक्ष द्वारा समाचार–पत्रों में विज्ञापित की जायेंगी और ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र आमन्त्रित किए जाएगे जो परिशिष्ट के स्तम्भ–5 में विनिर्दिष्ट तकनीकी अर्हता रखते हों और जिनके नाम उत्तरांचल स्थित विभिन्न सेवायोजन कार्यालयों में पंजीकृत हों।

(3) किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा जब तक कि उसके पास नियुक्त चयन समिति द्वारा जारी किया गया प्रवेश–पत्र न हो।

(4) चयन समिति द्वारा एक लिखित परीक्षा का आयोजन निम्नलिखित विषयों में किया जाएगाः–

(अ) संबंधित अभियंत्रण शाखा विषय	50 अंक
(ब) सामान्य ज्ञान	20 अंक
(स) सामान्य हिन्दी	20 अंक
(द) साक्षात्कार	10 अंक
योग	100 अंक

(5) लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर उतने अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जितने इस संबंध में चयन समिति द्वारा निर्धारित स्तर तक पहुँच सके हों। प्रत्येक अभ्यर्थी को सामक्षात्कार में दिए गए अंक उनके द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको में जोड़ दिए जाएगे।

(6) चयन समिति अभ्यर्थियों को उनकी प्रवीणता–क्रम में, जैसा कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को जितनी वह नियुक्ति के लिए उचित समझे, संस्तुत करेगा। यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी योग में बराबर अंक प्राप्त करें तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जाएगा। सूची में नामों की संख्या रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु पच्चीस प्रतिशत से अनधिक होगी) चयन समिति सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

16. **पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया–**

(1) पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर उत्तरांचल विभागीय समिति का गठन (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदो के लिए) नियमावली, 2003 के अनुसार गठित की जाने वाली चयन समिति के माध्यम से की जाएगी।

(2) चयन समिति चयन किए गए अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता क्रम में, जैसी उस संवर्ग में हो, जिनसे उनकी पदोन्नति की जानी है, एक सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

17. **संयुक्त चयन सूची–**

यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियाँ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जाए तो एक संयुक्त सूची, सुसंगत सूचियों से अभ्यर्थियों के नाम इस प्रकार लेकर तैयार की जाएगी कि विहित प्रतिशत बना रहे। सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्ति व्यक्ति का होगा।

भाग छः–नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

18. **नियुक्ति–**

(1) उपनिमय (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों के नाम उसी क्रम में लेकर, जिसमें वे यथास्थिति, नियम 15, 16 या 17 के अधीन तैयार की गयी सूची में आये हों, नियुक्तियाँ करेगा।

(2) जहाँ भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियाँ सीधी भर्ती ओर पदोन्नति दोनों द्वारा की जानी है, वहाँ नियमित नियुक्तियाँ तब तक नहीं की जायेंगी जब तक कि दोनों स्रोतों से चयन न कर लिया जाय और नियम–17 के अनुसार एक संयुक्त सूची तैयार न कर ली जाय।

(3) यदि किसी एक चयन के संबंध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किए जाये तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जाएगा जिसमें व्यक्तियों के नामों का उल्लेख, ज्येष्ठता क्रम में किया जाएगा जैसा कि यथास्थिति चयन में अवधारित किया जाएगा जैसा कि उस संवर्ग में हो जिसमें उन्हें पदोन्नति किया जाय वह नियुक्तियाँ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जाती हैं तो नाम नियम–17 में निर्दिष्ट चक्रानुक्रम के अनुसार रखे जाएगें।

19 परिवीक्षा–

(1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप में नियुक्त किसी व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से, जो अभिलिखित किए जाएगे अलग–अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है, जिसमें ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट किया जाएगा जब तक अवधि बढ़ायें जायें।

परन्तु अपवादिक परिस्थितियों के सिवाय, परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जाएगी।

(3) यह परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसके मौलिक पद पर यदि कोई हो प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यह उसका किसी पद पर धरणधिकार न हो तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिसे उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित किया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त की जायें किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

20. स्थायीकरण–

किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जाएगा, यदि–

(क) उसने विहित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो,

(ख) उसने विहित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया हो,

(ग) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाय,

(घ) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय, और

(ड) नियुक्ति प्राधिकारी को यह समाधान हो जाय कि वह स्थायी किए जाने के लिए अन्यथा उपयुक्त है।

21. ज्येष्ठता–

किसी श्रेणी के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठत समय–समय पर यथासंशोधित उत्तरांचल सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 2002 के अनुसार अवधारित की जाय।

भाग सात–वेतन आदि

22. वेतनमान–

सेवा के संवर्ग में किसी पद पर, नियुक्ति किसी व्यक्ति का अनुमन्य वेतमान ऐसा होगा जो सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय,

23. परिवीक्षा अवधि में वेतन–

(1) फण्डामेंटल रूल्स में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुए भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान में उसकी प्रथम वेतनवृद्धि तभी दी जाएगी जब उसने प्रशिक्षण की अवधि को सम्मिलित करते हुए एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो और द्वितीय वेतनवृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात तभी दी जायगी जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो:

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गई अवधि की गणना वेतनवृद्धि के लिए नहीं की जाएगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे।

(2) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन सुसंगत फण्डामेण्टल रूल्स द्वारा विनियमित होगा।

भाग आठ–अन्य उपबन्ध

24. **पक्ष समर्थन–**

किसी पद पर या सेवा में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिशों से भिन्न किन्ही सिफारिशों पर चाहे लिखित हों या मौखिक, पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयाय उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।

25. **अन्य विषयों का विनियमन–**

	अपने तथा अधीनस्थ कार्यालयों के लिये फर्नीचर का किराया स्वीकृत करना।	1. मुख्य अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग। 2.अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग।	1. पूर्ण अधिकारी 2. पूर्ण अधिकारी टिप्पणी–यदि लम्बी अवधि के लिये फर्नीचर की आवश्यकता हो तो इस बात पर विचार कर लेना चाहिए कि क्या उसे खरी लेना मितव्ययतापूर्ण न होगा।	
			विवरण–पत्र XI अग्रिम धनराशियाँ	
9	स्थायी अधीनस्थ और अस्थायी अथवा कार्य प्रचारित अधिष्ठान के सदस्यों को उचन्त स्वीकृत करना।	अधिशासी अभियन्ता ,लघु सिंचाई।	विभागीय निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में रू 10,000 तक तथा अन्य मामलों में उस सीमा तक जो आवश्यक समझी जाय किन्तु अधिकतम रू 2000 तक और वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–6 के पैरा–166 व 168 में दी हुयी शर्तें के अधीन	अक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का क्रमाक–1 वित्त (लेखा) अनुभाग–2 के शासनादेश दिनांक 01 जून 1995 की सीमा तक।

कम सं0	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जायेगा	परिसीमाएं	पूर्व अधिकार/अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
		विवरण–पत्र XVIII प्रकीर्ण आकस्मिक व्यय		
2	किसी स्वीकृत निर्माण कार्य के अथवा उसके किसी एक भाग के निष्पादन के लिए टेण्टर स्वीकृत करना:	1. मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग 2. अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग। 3. अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग। 4. सहायक अभियन्ता	1.पूर्ण अधिकार। 2.पूर्ण अधिकर परन्तु रू1.00 करोडऋ से अ धिक के कार्य मे मुख्य अभियन्ता से अनुमोदन आवश्यक होगा। 3.रू.20.00 लाख की सीमा तक। 4.रूपया 2.00 लाख सीमा तक।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमाक–1 वित्त (लेखा) अनुभाग–2 के शासनादेश 01 जून 1995 की सीमा तक।
3(क)	उनके तथा उनके अधीनस्थ अधिकरियों द्वारा अभिलिखित समस्त अनुबंधों या ठेकों में दी हुई समय सीमा में परितर्वन करना।	1. मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग। 2. अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग। 3–अधिशासी अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग।	1.पूर्ण अधिकार। (क) अपने द्वारा स्वीकृत अनुबंधों पर अनुबंध में दी गई समाप्ति अवधि के 6 माह के अतिरिक्त समय तक या 50 प्रतिशत अतिरिक्त समय तक जो भी कम हो। (ख) पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता द्वारा स्वीकृत अनुबंधों पर 3(क) अपने द्वारा स्वीकृत अनुबंधो पर दी गई समाप्ति अवधि के 6 माह के अतिरिक्त समय तक या 50 प्रतिशत अतिरिक्त समय तक जो भी कम हो।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–89 का कमाक–2
			(ख) पूर्ण अधिकार सहायक अभियन्ता द्वारा स्वीकृत अनुबंधो तथा सभी वर्क आर्डरों पर।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–89 का कमांक–3
3(ख)	उनके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा अभिलिखित समस्त अनुबंधों या ठेकों के दण्ड में छूट देना अथवा कम करना।	1. मुख्य अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग। 2. अधीक्षण अभियन्मता लघु सिचांई विभाग। 3. अधिशासी अभियन्ता लघु सिचांई विभाग।	पूर्ण अधिकार। पूर्ण अधिकार। पूर्ण अधिकार।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–89 का कमाक–3
4	समक्ष प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत धनराशि के अंदर किसी स्वीकृत कार्य के निष्पादन के लिये खुदरा काम (पीस वर्क) का अनुबंध स्वीकार करना।	सहायक अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग।	पूर्ण अधिकार किन्तु शर्त यह है कि निष्पादन किये जाने वाले कार्य का मूल्य प्रत्येक अनुबंध के संबंध में रू 2,500/– से अधिक न हो और यह कि संबंधित अधिकारी खुदरे काम का अनुबंध स्वीकार करने क पहले स्वयं संतुष्ट हो जाये और अपने ऊपर पूर्ण दायित्व लें ले कि इनके द्वारा स्वीकार किये गये ऐसे प्रत्येक अनुबंध की दशा स्वीकार किये गये ऐसे प्रत्येक अनुबंध की दशा में रू 2,500/– की सीमा का पालन किया गया है। रू 100 की सीमा तक किन्तु शर्त यह है कि	

			छपाया गया कार्य आवश्यक हो तथा किसी एक मामले में रू 25 से अधिक व्यय की सम्भावना न हो। टिप्पणी –विज्ञापन सूचना निदेशक उ.प्र0 द्वारा अनुमोदित दो समाचार पत्रों में दिया जाय और उपरोक्त अधिकारी द्वारा बिलों का स्तयापन कराया जाय।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमाक–5
7	निर्माण कार्यो के लिये अपेक्षित भंडार का कय स्वीकृत करना।	1. अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग। 2. अधिशासी अभियन्ता लघु सिचांई विभाग।	1.पूर्ण अधिकार 2. स्वीकृत अनुमान की सीमा के अन्तर्गत।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमांक–7
9	स्टाक हेतु सामग्री का निर्माण अथव खरीद स्वीकृत करना।	1. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग।	प्रखण्ड की रिजर्व लिमिट तक तथा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–6 के पैरा 181 एवं 184 तथा शासनादेश संख्या आ एण्डसम–2791/11वी 182–54 दिनांक 05–08–85 के अधीन।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमाक–8
10	औजारों और संयत्रों का कय पशुधन कार्यलय फर्नीचर और तम्बू को छोड़कर और उनके लिए आवश्यक अनुमन तथा पुनरीक्षित अनुमान सहित स्वीकृत करना।	1. मुख्य अभियन्ता, लघु सिचाई विभाग। 2. अधीक्षण अभियन्ता लघु सिचांई विभाग। 3. अधिशासी अभियन्ता लघु सिचांई विभाग।	1. पूर्ण अधिकार । 2. रूपया 1.00 लाख सीमा तक। 3. रूपया 20,000 की सीमा तक।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमाकं–1 वित्त (लेखा) अनुभाग–2 केशासनादेश 01 जून 1995 की सीमा तक।
13(ख)	कार्यलय फर्नीचर/फिक्सचर्स के निर्माण हेतु आवश्यक अनुमान (पुररीक्षित अनुमन सहित स्वीकृत करना।	1. मख्य अभियन्ता लघु सिचांई विभाग। 2. अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग। 3. अधिशासी अभियन्ता लघु सिचांई विभाग। 4. सहायक अभियन्ता लघु सिचांई विभाग।	इस प्रतिनिधायन को समाप्त किया जाता है।	उक्त शासनादेश दिनांक 13.5.86 का कमाक–2 वित्त (लेखा) अनुभाग –2 के शासनादेश 01 जून 1995 की सीमा तक।
15	निर्धारित माप (स्केल) के अनुसार तम्बुओं की खरीद और उसके लिए आवश्यक अनुमान (पुनरीक्षित) अनुमान सहित) स्वीकृत करना।	1. अधीक्षण अभियन्ता, लघुसिचांई विभाग। 2. अधिशासी अभियन्ता लघु सिचांई विभाग।	1. पूर्ण अधिकार 2. रूपया 5000 की सीमा तक।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमाकं –3 वित्त (लेखा) अनुभाग–2 के शासनादेश 01 जून 1995 की सीमा तक।
19	राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की गई कु स्टाक सीमा के अन्दर आवष्यकतानुसार प्रत्येक	मुख्य अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग।	पूर्ण अधिकार	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमाक–6

	प्रभाग के लिये स्टाक सीमा निर्धारित करना।			
21	औजारों और सयत्रों की मरम्मत और ढुलाई के लिए अनुमान स्वीकृत करना।	1. अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग। 2. अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग।	पूर्ण अधिकार रू 10,000 की सीमा तक।	उक्त शासनादेश दिनांक 13.5.86 का क्रमाक–4 वित्त (लेखा) अनुभाग –2 शासनादेश 01 जून 1995 की सीमा तक।
25(क)	किसी भण्डार की (सामग्री) औजार और संयंत्र सील पर वस्तुए और विघटित किए गए निर्माण कार्यो से प्राप्त सामग्री सहित फालतू घोषित करना–तथा सार्वजनिक नीलाम द्वारा उनका विक्रय स्वीकृत करना।	1. मुख्य अभियन्ता लघु सिचांई विभाग। 2. अधीक्षण अभियन्ता लघु सिचांई विभाग। 3. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग।	1. रूपया 5.00 लाख के पुस्तक मूल्य तक। 2. रूपय 50.00के पुस्तक मूल्य तक। 3. रूपया 5000 के पुस्तके मूल्य तक।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का क्रमांक–12 वित्त (लेखा) अनुभाग–2 के शासनादेश 01 जून 1995 की सीमा तक।
5(ख)	(1) किसी भण्डार को (सामग्री) औजारी और संयंत्र स्थल पर वस्तुए और विघटित किए गए निर्माण कार्यो से प्राप्त सामग्री सहित) निष्प्रयोजन घोषित करना।	1. मुख्य अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग। 2. अधीक्षण अभियन्ता लघु सिचाई विभाग। 3. अधिशासी अभियन्ता लघु सिचांई विभाग।	1. रूपया 10.00 लाख के पुस्तक मूल्य तक। 2. रूपया 1.00 लाख के पुस्तक मूल्य तक 3. रूपया 10,000 के पुसतक मूल्य तक।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का क्रमाक–12 वित्त (लेखा) अनुभाग–2 के शासनादेश 01 जून 1995 की सीमा तक।
(2)	उपर्युक्त घोषित निप्रयोजन भण्डार को सार्वजनिक नीलाम द्वारा विक्रय करना अथवा अन्य प्राकर से नष्ट किया जाना स्वीकृत करना।	1. मुख्य अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग। 2. अधीक्षण अभियन्ता लघु सिचांई विभाग। 3. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग।	1. रूपया 05.00 लाख के पुस्तक मूल्य तक। 2. रूपया 50,000 के पुस्तक मूल्य तक। 3. रूपया 5,000 के पुस्तक मूल्य तक।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का क्रमाक–12 वित्त (लेखा अनुभाग–2 के शासनादेश 01 जून 1995 की सीमा तक।

टिप्पणी :–

(1)अधीक्षण अभियन्ता द्वारा इन प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग उनकी अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति जिसके सदस्य क्रमशः सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता जिले मै तैनानत वरिष्ठ सहायक अभियन्ता तथा जिला कोष अधिकारी होंगे के माध्यम से किया जाएगा।

(2) कृत कार्यवाही की सूचना अधीक्षण अभियन्ता द्वारा एक सप्ताह के अन्दर मुख्य अभियन्ता तथा महालेखाकार उ. प्र. को दी जाएगी।

(3) कृत कार्यवाही की सूचना अधिशासी अभियन्ता द्वारा एक सप्ताह के अन्दर अधीक्षण अभियन्ता मुख्य अभियन्ता तथा महालेखाकार, उ. प्र को दी जाएगी।

कम स0	अधिकारी का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जायेगा	परिसीमाएं	पूर्व अधिकारी/अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
27.	ऐसे सामग्री का (औजार और संयत्र) नही) जो न फालतू हो और न निप्योजन हो, पूर्ण मूल्य तथा लागत पर सामान्य पर्यवक्षक शुल्क जोड़कर अर्न्तविभागीय स्थानान्तरण करना।	1. अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग। 2. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग। 3. सहायक अभियन्ता लघु सिचांई विभाग।	1. पूर्ण अधिकार। 2. किसी एक मामले में रूपया 10,000/– के पुस्तक मूल्य तक। 3. किसी एक माले में रूपया 2,000/– के पुस्तक मूल्य तक इस प्रतिनिधायन को समाप्त किया जाता है।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमाक–5 वित्त (लेखा) अनुभाग –2 के शासनादेश 01 जून 1995 की सीमा तक।
28.	औजारों और संयंत्रों का विक्रय स्वीकृत करना।	स्थाई अधिशासी अभियन्ता लघु सिचांई विभाग।	इस प्रतिनिधायन को समाप्त किया जाता है।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमाक–10 वित्त (लेखा) अनुभाग–2 के शासनादेश 01 जून, 1995 की सीमा तक।
29	स्टाक की सामग्री का पूर्ण मूल्य पर 10 प्रतिशत पर्यवेक्षण शुल्क (सुपरविजन चार्जेज) शामिल करके विक्रय स्वीकृत करना।	सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग।	इस प्रतिनिधायन को समाप्त किया जाता है।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमाक–9 वित्त (लेखा) अनुभाग –2 के शासनादेश 01 जून, 1995 की सीमा तक।
34	निर्माण कार्यों के लिये सामग्री अथवा अन्य वस्तुयें कार्य हेतु ठेकेद्वार को, स्टाक अथव बाजार दरों में से जो भी अधिक हो उस पर जारी करना जब उनके जारी करने की व्यवस्था ठेके में नह की गई हो।	अधिशासी अभियन्ता, लघु सिचांई विभाग।	पूर्ण अधिकार इस शर्त के अधीन कि जारी कीगई वस्तुओं की धनराशि का उल्लेख करते हुये एक रिपोर्ट अधीक्षण अभियन्ता को भेज दी जाय।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमाक –11
35	स्वीकृत मात्रा से अधिक परिणाम में रेखाण सर्वेक्षण (ड्राइग सर्वइंग तथा गणितीय उपकरण (मैथमेटिकल इन्सट्रमेन्ट) रखना।	1. मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग।	1. पूर्ण अधिकार 2. पूर्ण अधिकार इस प्रतिबन्ध के साथ कि इस सम्बन्ध में आवश्यक सूचना मुख्य अभियन्ता (ल0सि0) को भेजी जाय।	उक्त शासनादेश दिनांक 13–5–86 का कमशः–13

उत्तरांचल शासन
लघु सिचाई विभाग

संख्या–554 / 11–2006–01(05) / 2006
देहरादून, दिनांक 24 जुलाई, 2006

कार्यालय ज्ञाप

सचिवालय अनुदेश 1982 के नियम–14 तथा नियम–15 में निहित प्राविधानों के अधीन लघु सिचांई विभाग क` अन्तर्गत व्यवहृत होने वाले कार्यों / प्रकरणों के सम्पादन / निस्तारण के सम्बन्ध में मा0 विभागीय मंत्री जी के अनुमोदन से निम्नवत् स्थीय आदेश निर्गत किये जाते है :–

1: मंत्री के स्तर पर निस्तारण :–

1. समस्त नीति विषयक प्रकरण।
2. ऐसे प्रकरण जिनमें मा0 मत्रिपरिषद द्वारा विचार / निर्णय होना है।
3. वार्षिक योजना एवं बजट / अनुपूरक बजट प्रसव का अनुमोदन।
4. नियम एवं अधिनियम का निर्माण तथा संशोधन।
5. ऐसे सभी प्रकरण जिनमें महामहिम श्री राज्यपाल की ओर से आदेश / निर्देश / अध्यादेश / अधिसूचना निर्गत की जानी हो।
6. विभाग से सम्बन्धित भूमि हस्तानान्तरण के मामले।
7. परिसम्पत्तियों के अर्जन–निस्तारण सम्बन्धी महत्वपूर्ण प्रकरण।
8. रू050.00 लाख से अधिक लागत वाली नयी योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति।
9. राज्य पुनर्गठन सम्बन्धी प्रकरण।
10. श्रेणी एक के अधिकारियों के सम्बन्ध में विभागीय कार्यवाही / निलम्बन की कार्यवाही, शास्ति, चयन / प्रोन्नति, स्थानान्तरण, प्रतिकूल चरित्र प्रविष्ठियों का विलोपन, प्रतिनियुक्ति आदि अधिष्ठान सम्बन्धी शासन को प्राप्त होने वाले समस्त प्रकरण।
11. विभाग के संरचनात्मक ढ़ाचे के पुनर्गठन एवं पद सृजन सम्बन्धी प्रकरण।
12. श्रेणी –1 एवं 2 के अधिकारियों से सम्बन्धित सेवा नियामावलियों तथा अन्य नियमावलियों का प्रख्यापन एवं संशोधन।
13. विभाग में नवीन नियुक्तियों के प्रकरण।
14. लघु सिंचाई सलाहकार समिति से सम्बन्धित प्रकरण।
15. सूचना के अधिकार अधिनियम –2005 के कियान्वयन से सम्बन्धित प्रकरण।
16. ऐसे प्रकरण जिन्हे मा0 मंत्री के द्वारा प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गयी हो।
17. श्रेणी–3 एवं 4 के कार्मिकों के सम्बन्ध में विभागीय कार्यवाही / निम्बलनकी कार्यवाही, शास्ति, चयन / प्रोन्नति, स्थानान्तरण, प्रतिकूल चरित्र प्रविष्टियों का विलोपन, प्रतिनियुक्ति आदि अधिष्ठान सम्बन्धी शासन को प्राप्त होने वाले समस्त प्रकरण।
18. मुख्य अभियन्ता–2 (विभागाध्यक्ष) के समबन्ध में बतौर समीक्षक एवं प्रतिवेदनक प्राधिकारी एवं अधीक्षण अभियन्ता के सम्बन्ध में बतौर स्वीकृता एवं समीक्षक प्राधिकारी वार्षिक चरित्र प्रविष्ठि का अंकन।
19. श्रेणी दो, तीन एवं चार के कार्मिको के चिकित्सा उपचार हेतुत प्रशासनिक स्वीकृति तथा समस्त कार्मिकों को रू0 50000.00 तक के बिलों की वर्तमान में प्रचलित व्यवस्था अनुसार क्षतिपूर्ति (इससे अधिक के मामलों में वित्त विभाग की सहमति ली जायेगी।

20. विभागाध्यक्ष द्वारा सन्दर्भित प्रकरणों के सन्दर्भ में यथोचित निर्णय तथा मार्गदर्शन ।
[redacted]सचिवालय स्तर पर अधीनस्थ कार्मिकों के सम्बन्ध में यह व्यवस्था प्रतिवेदनक/समीक्षक प्राधिकारी के रूप में वार्षिक चरित्र प्रष्ि का [redacted]
22. कार्मिक के अधिष्ठान सम्बन्धी शासन को प्राप्त होने वाले समस्त प्रकरण।
23. सामान्य प्रकृति के अन्य विविध प्रकरण।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगें।

पी0 के0 महान्ति
सचिव

संख्या –554/11–2006–01(05)/2006, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मुख्य मंत्री जी को मा0 मुख्य मंत्री जी के अवलोकनार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 लघु सिचांई , मंत्री को मा0 लघु सिचांई , मंत्री जी के सूचनार्थ।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
5. अपर सचिव, गोपन उत्तरांचल शासन।
6. राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, सचिवालय परिसर देहरादून।
7. मुख्य अभियन्ता एवं विभागध्यक्ष, लघु सिचांई विभाग, उत्तरांचल ।
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

महावीर सिहं चौहान
अनु सचिव

संख्या– 625 / I I(2)–2006–01(34) / 04

प्रेषक,

पी0के0 महान्ति,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
लघु सिंचाई विभाग,उत्तरांचल,
देहरादून।

लघु सिंचाई विभाग, देहरादून, दिनांक– 13 सितम्बर, 2006

विषयः– उत्तरांचल लघु सिंचाई विभाग के संरचनात्मक ढॉचे की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश सं0 195 / I I–2004–01(16) / 04 दिनांक 19.05.2004 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय लघु सिंचाई विभाग के संरचनात्मक ढॉचे में 88 अतिरिक्त पदों को सम्मिलित करते हुए संलग्नक–1 में अंकित कुल 539 पदों के अनुसार पुनर्गठित करने की सहर्ष स्वीकृति निम्नांकित शर्तों के साथ प्रदान करते हैं :–

1– विभागीय ढॉचे में राजपत्रित श्रेणी के 57 पद तृतीय श्रेणी के 397 पद तथा चतुर्थ श्रेणी के 85 पदों को सम्मिलित करते हुए कुल 539 पद होंगे तथा उसकी संरचना निम्नवत् होगी, जिसकी पदस्थापना का प्रस्ताव संलग्न–1 के स्तम्भ–3 में दिया गया है :–

क्र0 सं0	पदनाम	वेतनमान रू0 में	कुल प्रस्तावित पद
1	2	3	4
1	मुख्य अभियन्ता स्तर–2	16,400–450–20,000	01
2	अधीक्षण अभियन्ता	12,000–375–16,500	04
3	अधिशासी अभियन्ता	10,000–325–15,200	14
4	सहायक अभियन्ता	8,000–275–13,500	38
5	कनिष्ठ (अवर) अभियन्ता	5,000–150–8,000	145
6	बोरिंग टेक्निशियन	4,000–100–6,000	24
7	सहायक बोरिंग टेक्निशियन	3050–75–3950–80–4590	46
8	खण्डीय लेखाधिकारी	7,500–12,000	13
9	प्रारूपकार	4,000–100–6,000	13
10	अनुरेखक	2750–70–3800–75–4400	05
11	प्रशासनिक अधिकारी (ग्रेड–2)	5,000–150–8,000	04
12	आशुलिपिक– I	5,000–150–8,000	01
13	आशुलिपिक– I I	4,000–100–6,000	17
14	मुख्य सहायक	4,500–125–7,000	17
15	वरिष्ठ कम्प्यूटर आपरेटर सह प्रवर सहायक	4,000–100–6,000	17
16	कनिष्ठ कम्प्यूटर आपरेटर सह कनिष्ठ सहायक	3050–75–3950–80–4590	61

17	वाहन चालक	3050–75–3950–80–4590	26
18	अमीन/सींचपाल	3050–75–3950–80–4590	08
19	अनुसेवक	2550–55–2660–60–3200	85
	कुल योग		539

2– अनुरेखक के 05 पद कार्यरत पदधारकों के रहने तक ही सृजित रहेंगे। उच्च पदों पर पदोन्नति, सेवा निवृत्ति एवं अन्य पदों के छोड़े जाने तक इन पदों पर कोई नई नियुक्ति नहीं की जायेगी तथा ये मृत संवर्ग घोषित हो जायेगा।

3– अमीन/सींचपाल के 08 पद कार्यरत पदधारकों के बने रहने तक ही सृजित रहेंगे तथा इन पदों पर तैनात कार्मिकों से कनिष्ठ कम्प्यूटर आपरेटर/कनिष्ठ सहायक के पद का कार्य लिया जायेगा। पदधारकों की पदोन्नति अथवा सेवानिवृत्ति के उपरान्त यह पद मृत संवर्ग घोषित हो जायेगा। उक्त पदों पर कोई नई नियुक्ति नहीं की जायेगी।

4– गैर तकनीकी समूह "ग" व "घ" के समस्त रिक्त पदों की पूर्ति विभाग में उपलब्ध सुसंगत सेवा नियमावली के अनुसार शासन की अनुमति से किया जायेगा।

5– उपरोक्त के सन्दर्भ में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2006–07 की अनुदान संख्या–20 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2702–लघु सिंचाई, 02–भू–जल (आयोजनेत्तर), 005–अन्वेषण, 03–भूगर्भ जल सर्वेक्षण का विकास, आकलन एवं सुदृढ़ीकरण के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या 452/वि0अनु0–4/06 दिनांकः 01.09.2006 में प्राप्त इनकी सहमति से निर्गत किये जा रहें है।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(पी0 के0 महान्ति)
सचिव।

संख्या–625/I(2)–2006–01(34)/04 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन, देहरादून।
2– अपर मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
3– समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
4– महालेखाकार, उत्तरांचल।
5– निजी सचिव, मा0 मुख्य मंत्री, उत्तरांचल।
6– निजी सचिव, मा0 मंत्री, लघु सिंचाई विभाग, उत्तरांचल।
7– वित्त अनुभाग–4, उत्तरांचल शासन।
8– समस्त अनुभाग, उत्तरांचल शासन।
9– एन0आई0सी0/पुस्तकालय एवं प्रलेखन केन्द्र, उत्तरांचल शासन।
10– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(महावीर सिंह चौहान)
अनु सचिव।

संलग्नक–1

शासनादेश सं0 625/ ।।(2)–2006–01(34)/04 दिनांकः 13 सितम्बर 06 का संलग्नक।

राजपत्रित तकनीकी पदों का विवरण।

क्र0 सं0	पदनाम	पदस्थापना	पदों की संख्या
1	2	3	4
1	मुख्य अभियन्ता स्तर–2	मुख्य अभियन्ता स्तर–2 लघु सिंचाई, उत्तराखण्ड, दे0दून	01
2	अधीक्षण अभियन्ता	1. वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी ल0सिं0 (विभागाध्यक्ष कार्या0)	01
		2. अधी0अभि0ल0सिं0 वृत्त पौडी	01
		3. अधी0अभि0ल0सिं0 वृत्त हल्द्वानी	01
		4. अधी0अभि0ल0सिं0 वृत्त पिथौरागढ़	01
		कुल पद	04
3	अधिशासी अभियन्ता	1. स्टाफ अधिकारी, मुख्य अभि0 स्तर–2 कार्यालय	01
		खण्डीय कार्यालय गढ़वाल मण्डल	
		1. देहरादून	01
		2. हरिद्वार	01
		3. टिहरी	01
		4. उत्तरकाशी	01
		5. पौड़ी	01
		6. रूद्रप्रयाग	01
		7. चमोली	01
		खण्डीय कार्यालय कुमांऊ मण्डल	
		1. नैनीताल	01
		2. ऊधमसिंह नगर	01
		3. अल्मोड़ा	01
		4. बागेश्वर	01
		5. पिथौरागढ़	01
		6. चम्पावत	01
		कुल पद	14
4	सहायक अभियन्ता	1.सहा0अभि0 सम्बद्ध मुख्यअभि0 स्तर–2, कार्या0	01
		2.सहा0अभि0 सम्बद्ध अधी0 अभि0, पौड़ी, कार्या0	01
		3.सहा0अभि0 सम्बद्ध अधी0अभि0, हल्द्वानी, कार्या.	01
		4. सहा0 अभि0 सम्बद्ध वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी मुख्य अभि0 एवं विभागाध्यक्ष, कार्यालय	01
		सहा0 अभि0 उपखण्ड	
		5. देहरादून (03 विकास खण्ड)	01
		6. डाकपत्थर(03 विकास खण्ड)	01
		7. हरिद्वार (03 विकास खण्ड)	01
		8. रूड़की (03 विकास खण्ड)	01

		9. नई टिहरी (04 विकास खण्ड)	01
		10. धनसाली (03 विकास खण्ड)	01
		11. नरेन्द्र नगर (03 विकास खण्ड)	01
		12. उत्तरकाशी (03 विकास खण्ड)	01
		13. नौगांव (03 विकास खण्ड)	01
		14. पौड़ी (04 विकास खण्ड)	01
		15. स्यूंसी (03 विकास खण्ड)	01
		16. सतपुली (03 विकास खण्ड)	01
		17. कोटद्वार (03 विकास खण्ड)	01
		18. लक्ष्मण झूला (02 विकास खण्ड)	01
		19. रूद्रप्रयाग (01 विकास खण्ड)	01
		20. ऊखीमठ (02 विकास खण्ड)	01
		21. कर्णप्रयाग (03 विकास खण्ड)	01
		22. चमोली (गोपेश्वर) (03 विकास खण्ड)	01
		23. थराली (03 विकास खण्ड)	01
		24. नैनीताल (03 विकास खण्ड)	01
		25. हल्द्वानी (03 विकास खण्ड)	01
		26. धारी (02 विकास खण्ड)	01
		27.ऊधमसिंहनगर(रूद्रपुर)(04 वि0 खण्ड)	01
		28. काशीपुर (03 विकास खण्ड)	01
		29. अल्मोड़ा (05 विकास खण्ड)	01
		30. रानीखेत (03 विकास खण्ड)	01
		31. भिकियासैण (03 विकास खण्ड)	01
		32. बागेश्वर (02 विकास खण्ड)	01
		33. कपकोट (01 विकास खण्ड)	01
		34. पिथौरागढ़ (03 विकास खण्ड)	01
		35. डीडीहाट (03 विकास खण्ड)	01
		36. बेरीनाग (02 विकास खण्ड)	01
		37. चम्पावत (02 विकास खण्ड)	01
		38. बाराकोट (01 विकास खण्ड)	01
		कुल पद	**38**

अराजपत्रित तकनीकी पदों का विवरण

क्र0 सं0	पदनाम	पदस्थापना	पदों की संख्या
1	2	3	4
1	कनिष्ठ (अवर) अभियन्ता	गढ़वाल मण्डल एवं कुमाऊ मण्डल के प्रत्येक विकास खण्ड के लिए एक–एक पद	95
		खण्डीय कार्यालय में कनिष्ठ अभि0 स्टोर के पद हेतु	13
		वृत्त कार्यालय, पौड़ी एवं हल्द्वानी हेतु कनिष्ठ अभि0 तकनीकी प्रत्येक में एक–एक पद	02
		वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में कनिष्ठ अभियन्ता तकनीकी	01
		योग	111
		विकास खण्डों के अतिरिक्त निम्न सहायक अभियन्ता उपखण्डों हेतु	
		1. देहरादून	01
		2. डाकपत्थर	01
		3. हरिद्वार	01
		4. रूड़की	01
		5. नई टिहरी	01
		6. धनसाली	01
		7. नरेन्द्र नगर	01
		8. उत्तरकाशी	01
		9. नौगांव	01
		10. पौड़ी	01
		11. स्यूसी	01
		12. सतपुली	01
		13. कोटद्वार	01
		14. लक्ष्मणझूला	01
		15. रूद्रप्रयाग	01
		16. ऊखीमठ	01
		17. कर्णप्रयाग	01
		18. चमोली (गोपेश्वर)	01
		19. थराली	01
		20. नैनीताल	01
		21. हल्द्वानी	01
		22. धारी	01
		23. ऊधमसिंह नगर (रूद्रपुर)	01
		24. काशीपुर	01
		25. अल्मोड़ा	01
		26. रानीखेत	01
		27. भिकियासैण	01

क्र0 सं0	पदनाम	पदस्थापना	पदों की संख्या
1	2	3	4
		28. बागेश्वर	01
		29. कपकोट	01
		30. पिथौरागढ़	01
		31. डीडीहाट	01
		32. बेरीनाग	01
		33. चम्पावत	01
		34. बाराकोट	01
		कुल योग	145
2	सहायक बोरिंग टेक्नीशियन एवं बोरिंग टेक्नीशियन	सहायक अभियन्ता उपखण्ड कार्यालय	
		1. देहरादून	2+1
		2. डाकपत्थर	2+2
		3. हरिद्वार	1+1
		4. रूड़की	1+1
		5. नई टिहरी	2+1
		6. धनसाली	1+1
		7. नरेन्द्र नगर	1+1
		8. उत्तरकाशी	2+1
		9. नौगांव	2+1
		10. पौड़ी	1+1
		11. स्यूसी	1+1
		12. सतपुली	1+1
		13. कोटद्वार	1+1
		14. लक्ष्मणझूला	1+0
		15. रूद्रप्रयाग	1+1
		16. ऊखीमठ	1+0
		17. कर्णप्रयाग	2+1
		18. चमोली (गोपेश्वर)	1+1
		19. थराली	1+0
		20. नैनीताल	2+1
		21. हल्द्वानी	1+0
		22. धारी	1+1
		23. ऊधमसिंह नगर (रूद्रपुर)	2+0
		24. काशीपुर	1+1
		25. अल्मोड़ा	2+0
		26. रानीखेत	1+1
		27. भिकियासैण	1+0
		28. बागेश्वर	1+1
		29. कपकोट	1+0
		30. पिथौरागढ़	2+0

क्र0 सं0	पदनाम	पदस्थापना	पदों की संख्या
1	2	3	4
		31. डीडीहाट	1+1
		32. बेरीनाग	1+1
		33. चम्पावत	2+0
		34. बाराकोट	2+0
		कुल पद (46+24)	**70**
3	प्रारूपकार	प्रत्येक खण्डीय कार्यालय में एक–एक पद	13
		कुल पद	**13**
4	अनुरेखक (मृत संवर्ग)	खण्डीय कार्यालय हेतु	05
		कुल पद	**05**

अनुसचिवीय एवं अन्य तृतीय श्रेणी के पदों का विवरण

क्र0 सं0	पदनाम	पदस्थापना	पदों की संख्या
1	2	3	4
1	खण्डीय लेखाधिकारी	प्रत्येक खण्डीय कार्या0 में एक–एक पद	**13**
2	प्रशासनिक अधिकारी (ग्रेड–2)	मुख्य अभि0 एवं विभागाध्यक्ष (स्तर–2)	01
		वरि0स्टा0अधि0 कार्या0 मु0अभि0 एवं विभागा0	01
		अधीक्षण अभियन्ता, वृत्त पौड़ी, हल्द्वानी	02
		कुल पद	**04**
3	आशुलिपिक–।	मुख्य अभि0 एवं विभागाध्यक्ष (स्तर–2)	01
		कुल पद	**01**
4	आशुलिपिक–।।	प्रत्येक खण्डीय कार्यालय में एक–एक	13
		स्टा0 अधि0 कार्या0 मुख्य अभि0 एवं विभागाध्यक्ष	01
		वरि0 स्टा0 अधि0 कार्या0 मु0 अभि0 एवं विभागाध्यक्ष	01
		वृत्त कार्यालय पौड़ी एवं हल्द्वानी	02
		कुल पद	**17**
5	मुख्य सहायक	प्रत्येक खण्डीय कार्यालय में एक–एक	13
		स्टा0 अधि0 कार्या0 मुख्य अभि0 एवं विभागाध्यक्ष	01
		वरि0 स्टा0 अधि0 कार्या0 मु0 अभि0 एवं विभागाध्यक्ष	01
		वृत्त कार्यालय पौड़ी एवं हल्द्वानी	02
		कुल पद	**17**
6	वरिष्ठ कम्प्यूटर आपरेटर सह प्रवर सहायक	प्रत्येक खण्डीय कार्यालय में एक–एक	13
		वरि0स्टा0अधि0कार्या0 मुख्य अभि0 एवं विभागा0	01
		मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय	01
		वृत्त कार्यालय पौड़ी एवं हल्द्वानी	02
		कुल पद	**17**

8	कनिष्ठ कम्प्यूटर आपरेटर सह कनिष्ठ सहायक	प्रत्येक खण्डीय कार्यालय दो–दो	26
		मुख्य अभि0 एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय	01
		प्रत्येक उपखण्डीय कार्यालय एक–एक	34
		कुल पद	**61**
9	वाहन चालक	प्रत्येक खण्डीय कार्यालय में एक–एक	13
		वरि0 स्टाफ अधि0 कार्या0 मुख्य अभि0 एवं विभागाध्यक्ष	01
		मुख्य अभियन्ता स्तर–2 व स्टाफ अधिकारी	02
		वृत्त कार्या0 पौड़ी, हल्द्वानी में एक–एक	02
		उपखण्डीय कार्यालयों हेतु	08
		कुल पद	**26**
10	अमीन/सींचपाल	अमीन/सींचपाल के कार्यों के दृष्टिगत अमीन/सींचपाल के संवर्ग को मृत संवर्ग घोषित किया जा चुका है, जो कर्मी इस समय कार्यरत है उनसे कनिष्ठ सहायक का कार्य लिया जा रहा है।	08
		कुल पद	**08**

चतुर्थ श्रेणी के पदों का विवरण

क्र0 सं0	पदनाम	पदस्थापना	पदों की संख्या
1	2	3	4
1	अनुसेवक	मुख्य अभियन्ता स्तर–2 व स्टाफ अधिकारी (दो–दो)	04
		वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी	02
		वृत्त कार्यालय प्रत्येक में दो–दो	06
		खण्डीय कार्यालय प्रत्येक में एक–एक	13
		खण्डीय स्टोर हेतु प्रत्येक में एक–एक	13
		खण्डीय स्टोर हेतु रात्रि चौकीदार प्रत्येक में एक–एक	13
		प्रत्येक उपखण्डीय कार्यालय में एक–एक	34
		कुल पद	**85**
		महायोग	**539**

(महावीर सिंह चौहान)
अनु सचिव

उत्तरांचल शासन
लघु सिंचाई विभाग
संख्या/643/ I I(2)–2006–01(19)/2006
देहरादून दिनांक 22 सितम्बर, 2006

अधिसूचना

भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके और इस विषय पर विद्यमान नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करके राज्यपाल उत्तरांचल, लघु सिंचाई विभाग, अभियन्ता सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :–

उत्तरांचल अभियन्ता सेवा लघु सिंचाई विभाग नियमावली, 2006

भाग–एक–सामान्य

1– **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ** –

(1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तरांचल अभियन्त्रण सेवा लघु सिंचाई विभाग नियमावली, 2006 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

2– **सेवा की प्रास्थिति** –

लघु सिंचाई विभाग की उत्तरांचल अभियन्ता सेवा एक राज्य सेवा है, जिसमें समूह "क" और "ख" के पद समाविष्ट है।

3– **परिभाषायें**– जब तक कि विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में :–

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" से राज्यपाल अभिप्रेत है।

(ख) "आयोग" से "उत्तरांचल लोक सेवा आयोग" अभिप्रेत है।

(ग) "संविधान" से "भारत का संविधान" अभिप्रेत है।

(घ) "राज्यपाल" से उत्तरांचल का राज्यपाल अभिप्रेत है।

(ड) "सरकार" से उत्तरांचल की राज्य सरकार अभिप्रेत है।

(च) "सेवा का सदस्य" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली के या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के उपबन्धों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है।

(छ) "सेवा" से उत्तरांचल अभियन्ता सेवा लघु सिंचाई विभाग अभिप्रेत है।

(ज) "मौलिक नियुक्ति" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात की गई हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार की गई हो।

(ध) "भर्ती का वर्ष" से किसी कैलेन्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ हाने वाली बाहर मास की अवधि अभिप्रेत है।

भाग–दो, संवर्ग

4– **सेवा की सदस्य संख्या** –

(1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) सेवा की वर्तमान सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या जब तक कि उपनियम(1) के अधीन उसमें परिवर्तन करने के आदेश न किये जाये, निम्नवत् होगी।

	पदनाम	संख्या
1—	सहायक अभियन्ता	31
2—	अधिशासी अभियन्ता	08
3—	अधीक्षण अभियन्ता	03
4—	मुख्य अभियन्ता	01

परन्तु,

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी, किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न होगा।

(दो) राज्यपाल, समय–समय पर ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं, जिन्हें वह उचित समझे।

भाग–तीन, भर्ती

5— **भर्ती का श्रोत**– सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी, अर्थात :–

(1) सहायक अभियन्ता –

(क) 40.67 प्रतिशत पद आयोग के माध्यम से कृषि, सिविल और यांत्रिक अभियन्त्रण में स्नातक उपाधि या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त उपाधि रखने वालों का उस रीति से कि सीधी भर्ती में उनका अनुपात क्रमशः 50 प्रतिशत, 30 प्रतिशत और 20 प्रतिशत हो,

(ख)(एक) 50 प्रतिशत पद पर पदोन्नति द्वारा, जिसमें मौलिक रूप से नियुक्त कनिष्ठ अभियन्ता, लघु सिंचाई में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दस वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो,

(दो) 9.33 प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त कनिष्ठ अभियन्ताओं में से जो सिविल या यांत्रिक या कृषि अभियन्त्रण में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त उपाधि रखते हों या इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इण्डिया), (यान्त्रिक या सिविल ब्रॉच) के एसोसिएट मेम्बर हों और जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को अब कनिष्ठ अभियन्ता के रूप में तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, की पदोन्नति द्वारा भरे जायेंगे।

परन्तु नियुक्ति प्राधिकारी भर्ती के किसी वर्ष में पदोन्नति द्वारा भर्ती को इस प्रकार विनियमित कर सकता है कि पदोन्नति के लिए विहित प्रतिशत बना रहे।

(2) अधिशासी अभियन्ता –

मौलिक रूप से नियुक्त सहायक अभियन्ताओं, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को सहायक अभियन्ता के रूप में सात वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, में से पदोन्नति द्वारा,

परन्तु यदि पदोन्नति के लिए उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो सहायक अभियन्ता के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे व्यक्तियों को, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, सम्मिलित करने के लिए पात्रता के क्षेत्र में विस्तार किया जा सकता है।

(3) अधीक्षण अभियन्ता –

मौलिक रूप से नियुक्त अधिशासी अभियन्ताओं, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को कम से कम पन्द्रह वर्ष की कुल सेवा (जिसमें अधिशासी अभियन्ता के रूप में कुल छः वर्ष की सेवा सम्मिलित हो) पूर्ण कर ली हो, में से पदोन्नति द्वारा,

(4) मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई (स्तर–2)–

मौलिक रूप से नियुक्त लघु सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियन्ताओं में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को 25 वर्ष की सेवा (जिसमें अधीक्षण अभियन्ता के रूप में कम से कम न्यूनतम 3 वर्ष की सेवा सम्मिलित हो) पूर्ण कर ली हो, में से पदोन्नति द्वारा।

6– आरक्षण –

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़ी जातियों और अन्य श्रेणियों के लिए आरक्षण, भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार अनुमन्य होगा।

भाग–चार––अर्हतायें

7– राष्ट्रीयता–

सेवा में सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी :–

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से 1 जनवरी 1962 के पूर्व भारत आया हो, या

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से पाकिस्तान, वर्मा, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केनिया, यूगान्डा और यूनाईटेड रिपब्लिक आफ तंजानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीवार) से प्रवजन किया जो :

परन्तु श्रेणी (ख) या (ग) के अभ्यर्थी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह सरकार से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लें।

परन्तु यह और कि श्रैणी (ख) के अभ्यर्थी से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस उप महानिरीक्षक (अभिसूचना) उत्तरांचल से पात्रता का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें।

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) हो तो पात्रता का प्रमाण पत्र एक वर्ष से अधिक वर्ष के लिए जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में तभी रखा जा सकेगा, जबकि उसने भारत की नागरिकता प्राप्त कर ली हो।

टिप्पणी –

ऐसे अभ्यर्थी को, जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु न तो यह जारी किया गया हो और न ही देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकेगा और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकेगा कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जायेगा या उनके पक्ष में जारी कर दिया जायेगा।

8–आयु–

सेवा में सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कलेण्डर वर्ष को जिसमें आयोग द्वारा सीधी भर्ती के लिए रिक्तियां विज्ञापित की जाय, पहली जुलाई को 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 35 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो,

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाय, अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

9–शैक्षिक अर्हता –

सेवा में सीधी भर्ती के पदों पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित अर्हताएं होनी चाहिए :–

पद	अर्हता
सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग	सिविल या यांत्रिक अभियन्त्रण या कृषि अभियन्त्रण में स्नातक उपाधियां या उसके समकक्ष सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई उपाधि होनी चाहिए या उसने इन्स्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (इण्डिया) से सिविल या यांत्रिक अभियन्त्रण में सैक्सन "ए" और "बी" में एसोशियेट मेम्बर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो,

10– अधिमानी अर्हतायें –

ऐसे अभ्यर्थी को जिसने (एक) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो, या (दो) राष्टीय कैडिट कोर का "बी" प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो, अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती में अधिमान दिया जायेगा।

11– चरित्र–

सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो, नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी–संघ सरकार या राज्य सरकार अथवा संघ सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्व में अथवा नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकरण या निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के अपराध से सम्बद्ध सिद्धदोष व्यक्ति भी नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

12–वैवाहिक प्रास्थिति–

सेवा में भर्ती के लिए ऐसा पुरूष अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक पत्नियॉ जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो,

13–शारीरिक स्वस्थता–

किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्त नहीं किया जायेगा, यदि वह शारीरिक और मानसिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो, जिसके कारण उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे–

(क) राजपत्रित पद या सेवा के मामले में, आयुर्विज्ञान परिषद की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी,

(ख) सेवा में अन्य पदों के मामले में वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–2, भाग–3 अध्याय–3 में समाविष्ट मूल नियम 10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

परन्तु पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये अभ्यर्थी से स्वस्थता प्रमाण–पत्र की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

भाग–पांच, भर्ती की प्रक्रिया

14–रिक्तियों की अवधारणा–

नियुक्ति प्राधिकारी भर्ती के वर्ष के दौरान भरी जाने वाली, रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़ी जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या अवधारित करेगा और सीधी भर्ती के लिए रिक्तियों की सूचना आयोग को दी जायेगी।

15–सीधी भर्ती की प्रक्रिया–

(1) प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति के लिए आवेदन पत्र आयोग द्वारा जारी विहित प्रपत्र में आमंत्रित किये जायेंगे।

(2) किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में तब तक सम्मिलित नहीं किया जायेगा जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश पत्र न हो।

(3) लिखित परीक्षा का परिणाम प्राप्त हो जाने और सारणीबद्ध कर लिये जाने के पश्चात आयोग नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़ी जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलायेगा जो लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर इस संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित स्तर तक पहुंच सके। साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी को दिये गये अंकों को लिखित परीक्षा में उसके द्वारा प्राप्त अंकों में जोड़ दिया जायेगा।

(4) आयोग अभ्यर्थियों को उनकी प्रवीणता क्रम में, जैसा कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों के कुल योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को, जितने वह नियुक्ति के लिए उचित समझें, संस्तुत करेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी कुल योग के बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा। सूची में नामों की संख्या रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु पच्चीस प्रतिशत से अनधिक) होगी। आयोग सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगा।

टिप्पणी– प्रतियोगिता परीक्षा का पाठयक्रम और नियम आयोग द्वारा समय–समय पर विहित किये जायेंगे।

16– पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया–

सहायक अभियन्ता (सिविल) या सहायक अभियन्ता (यांत्रिक) पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर, समय–समय पर यथा संशोधित उत्तरांचल लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली 2003 के अनुसार की जायेगी।

17–सहायक अभियन्ता के पद के लिए संयुक्त चयन सूची–

यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जाये तो एक संयुक्त सूची, सुसंगत सूचियों से अभ्यर्थियों के नाम इस प्रकार लेकर तैयार की जायेगी कि नियम 5 के अधीन विहित प्रतिशत बना रहे। सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

18–चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति की प्रक्रिया–

(1)(क) अधिशासी अभियन्ता एवं अधीक्षण अभियन्ता के पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर एक चयन समिति के माध्यम से की जायेगी, जिसमें निम्नलिखि होंगे :–

(एक)	प्रमुख सचिव/सचिव, लघु सिंचाई विभाग, उत्तरांचल शासन	अध्यक्ष
(दो)	प्र0स0/सचिव, कार्मिक विभाग, उत्तरांचल शासन,	सदस्य
(तीन)	मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लघु सिंचाई विभाग, उत्तरांचल	सदस्य
(चार)	विभागीय प्र0स0/सचिव द्वारा नामित अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का एक प्रतिनिधि	सदस्य

(ख) मुख्य अभियन्ता स्तर–2 के पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती श्रेष्ठता के आधार पर एक चयन समिति के माध्यम से की जायेगी, जिसमें निम्नलिखित होंगे :–

(एक)	प्रमुख सचिव, उत्तरांचल शासन	अध्यक्ष
(दो)	प्रमुख सचिव/सचिव, लघु सिंचाई विभाग, उत्तरांचल शासन,	सदस्य
(तीन)	प्र0स0/सचिव, कार्मिक विभाग, उत्तरांचल शासन,	सदस्य
(चार)	विभागीय प्र0स0/सचिव द्वारा नामित अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का एक प्रतिनिधि	सदस्य

(2) नियुक्ति प्राधिकारी पात्र अभ्यर्थियों की पात्रता सूचियां "उत्तरांचल (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता सूची नियमावली, 2003" के अनुसार तैयार करेगा और उनकी चरित्र पंजियों और उनसे सम्बन्धित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ, जो उचित समझे जाय, चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(3) चयन समिति उपनियम (2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामले पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर सकती है।

(4) चयन समिति चयनित अभ्यर्थियों की सूची भर्ती के समय प्रवृत सरकार के आदेशों के अनुसार तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

भाग–छः–नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

19–नियुक्ति–

(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों के नाम उसी क्रम में लेकर, जिसमें वे यथास्थिति, नियम 15, 16, 17 और 18 के अधीन तैयार की गयी सूची में आये हों, नियुक्तियां करेगा।

(2) जहां भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों स्रोतों द्वारा की जानी है, वहां नियमित नियुक्तियां तब तक नहीं की जायेंगी जब तक कि दोनों से चयन न कर लिया जाय और नियम 17 के अनुसार एक संयुक्त सूची तैयार न कर ली जाय।

(3) यदि किसी चयन के संबंध में एक से अधिक नियुक्ति के आदेश जारी किए जाएं तो एक संयुत आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें चयनित व्यक्तियों के नाम का उल्लेख चयन में अवधारित ज्येष्ठता के आधार या उस क्रम में, यथास्थिति, जिस क्रम में उनका नाम उस संवर्ग में हैं, जिससे उन्हें पदोननति किया गया है, किया जायेगा। यदि नियुक्तियॉ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जाती है तो नियम 17 निर्दिष्ट चक्रीय क्रम में क्रमांकित किये जायेंगे।

20– परिवीक्षा–

(1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त किसी व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किये जायेंगे अलग–अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है, जिसमें ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट किया जायेगा, जब तक अवधि बढ़ाई जाय।

परन्तु आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायेगी।

(3) यह परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों

का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है, तो उसे उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यह उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिसे उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित किया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त की जाये, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्चतर पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप में की गयी निरन्तर सेवाओं को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजन के लिए गणना करने की अनुमति दे सकता है।

21—स्थायीकरण—

(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ाई गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में, उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि—

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाय,

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाय, कि यह स्थायीकरण के लिए अन्यथा उपयुक्त है,

(घ) और सहायक अभियन्ता के मामले में परिवीक्षाधीन व्यक्ति से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह एक समिति द्वारा जिसकी अध्यक्षता, अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग द्वारा की जायेगी, आयोजित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करें। इस समिति में मुख्य अभियन्ता द्वारा नाम निर्दिष्ट उक्त विभाग के दो अधिशासी अभियन्ता सदस्य के रूप में होंगे। विभागीय परीक्षा का पाठ्य विवरण ऐसा होगा, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा समय—समय पर विहित किया हो।

(2) जहाँ उत्तरांचल राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 2002 के उपबन्धों के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक न हो, वहां उस नियमावली के नियम 5 के उपनियम (3) के अधीन घोषणा करते हुए कि सम्बन्धित व्यक्ति ने परिवीक्षा सफलता पूर्वक पूरी कर ली है, स्थायीकरण का आदेश समझाा जायेगा।

22—ज्येष्ठता—

(1) एतद्पश्चात की गई व्यवस्था के अतिरिक्त किसी व्यक्ति की ज्येष्ठता उत्तरांचल सरकारी सेवक (ज्येष्ठता निर्धारण) नियमावली, 2002 के अनुसार किया जायेगा। यदि दो या उससे अधिक व्यक्ति एक साथ नियुक्त किये जाते हैं तो उनकी ज्येष्ठता उस क्रम में निर्धारित की जायेगी, जिसमें उनके नाम उनकी नियुक्ति आदेश में क्रमांकित किये जाते हैं।

परन्तु उपबन्ध यह है कि यदि नियुक्ति आदेश में कोई पूर्ववर्ती दिनांक विनिर्दिष्ट किया जाता है, जिससे कोई व्यक्ति मूल रूप से नियुक्त किया जाता है तो वह दिनांक उसकी मौलिक नियुक्ति आदेश का दिनांक माना जायेगा तथा अन्य मामले में इस आदेश के जारी किये जाने का दिनांक माना जायेगा।

(2) किसी एक चयन के परिणाम स्वरूप सीधी नियुक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी जो, यथास्थिति, आयोग या चयन समिति द्वारा अवधारित की जाये।

परन्तु उपबन्ध यह है कि यदि सीधी भर्ती वाला कोई अभ्यर्थी पद का प्रस्ताव प्रदान किये जाने पर बिना वैध कारणों से कार्यभार ग्रहण करने में असफल रहता है, तो वह अपनी ज्येष्ठता खो सकता है।

(3) पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी जो उनके संवर्ग में थी, जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया है।

(4) जहां नियुक्तियां पदोन्नति और सीधी भर्ती दोनों प्रकार से अथवा किसी एक स्रोत द्वारा की जाती है और स्रोतों का पृथक–पृथक कोटा विहित है, तो परस्पर ज्येष्ठता नियम 17 के अनुसार तैयार की गई संयुक्त सूची के नामों को चक्रीय क्रम में इस प्रकार क्रमांकित कर अवधारित की जायेगी कि विहित प्रतिशत बना रहें।

परन्तु उपबन्ध यह है कि :

(1) जहां किसी स्रोत से नियुक्तियां विहित कोटे से अधिक की जाती हे, वहां कोटे से अधिक नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता अनुवर्ती वर्ष या वर्षों में, जिनमें कोटे के अनुसार रिक्तियां हों, नीचे कर दी जायेगी।

(2) जहां किसी स्रोत से नियुक्तियां विहित कोटे से कम की जाती हैं और ऐसे रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्तियां अनुवर्ती वर्ष या वर्षों में की जाती हैं, वहां इस प्रकार नियुक्त व्यक्तियों की किसी पूर्ववर्ती वर्ष से ज्येष्ठता नहीं मिलेगी, बल्कि उन्हें उस वर्ष की ज्येष्ठता मिलेगी, जिस वर्ष उनकी नियुक्ति की गयी, यद्यपि उस वर्ष की संयुक्त सूची में उनका नाम (इस नियम के अधीन तैयार की जाने वाली सूची) चक्रीय क्रम में अन्य नियुक्त व्यक्तियों के नाम से सबसे ऊपर रखा जायेगा।

(3) जहां नियमों या विहित प्रक्रिया के अनुसार किसी स्रोत से भरी जाने वाली रिक्तियां संगत नियम या प्रक्रिया में उल्लिखित परिस्थितियों में किसी अन्य स्रोत से भरी जा सकती है और इस प्रकार कोटे से अधिक नियुक्तियां की जाती है, वहां इस प्रकार नियुक्त व्यक्ति को उसी वर्ष की ज्येष्ठता मिलेगी मानों उसकी नियुक्ति उसके कोटे की रिक्तियों के विरूद्ध की गई है।

भाग सात– वेतन इत्यादि

23–वेतनमान–

(1) सेवा के संवर्ग में किसी पद पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय प्रवृत्त वेतनमान व पदों की संख्या निम्नानुसार होंगे :–

क्र0सं0	पद का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1	2	3	4
समूह "ख" के पद			
1	सहायक अभियन्ता	8000–275–13500	31
समूह "क" के पद			
2	अधिशासी अभियन्ता	10000–325–15200	08
3	अधीक्षण अभियन्ता	12000–375–16500	03
4	मुख्य अभियन्ता (स्तर–2)	16400–450–20000	01

24– परिवीक्षा अवधि में वेतन–

(1) मूल नियमों में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुए भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति को यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो समयमान में उसकी प्रथम वेतनवृद्धि तभी दी जायेगी जब उसने प्रशिक्षण की अवधि को सम्मिलित करते हुए एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो और द्वितीय वेतनवृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात तभी दी जायेगी जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो–

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गई अवधि की गणना वेतनवृद्धि के लिए नहीं की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे।

(2) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन सुसंगत मूल नियमों द्वारा विनियमित होगा–

(3) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राज्य के कार्यकलाप के संबंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।

भाग आठ–अन्य उपबन्ध

25–पक्ष समर्थन–

किसी पद पर या सेवा में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिशों से भिन्न किन्हीं सिफारिशों पर चाहे लिखित हों या मौखिक, विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।

26–अन्य विषयों का विनियमन–

ऐसे विषयों के संबंध में जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति राज्य के कार्यकलापों के संबंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा नियंत्रित होंगे।

27–सेवा की शर्तों में शिथिलता–

जहां राज्य सरकार का यह समाधान हो जाये कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है, वहां उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुये भी, आदेश द्वारा, उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुये जिन्हें वह मामले में न्यायसंगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है।

परन्तु जहां कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया हो, वहां उस नियम की अपेक्षाओं को अभिमुक्त करने या शिथिल करने के पूर्व आयोग से परामर्श किया जायेगा।

28–व्यावृत्ति–

इस नियमावली में किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, जिनका इस संबंध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष श्रेणियों के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

आज्ञा से

पी0के0 महान्ति
सचिव

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification no 643/II-2006-019(19)/2006 dated September 22, 2006 for general information.

GOVERNMENT OF UTTARANCHAL
MINOR IRRIGATION DEPARTMENT
NO. 643/II-2006- 01(19)/2006
Date Dehradun, September,2006

NOTIFICATION

In exercise of the powers conferred by the proviso of article 309 of the Constitution of India " and in supersession of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules regulating the recruitment and conditions of service of persons appointed to the Uttaranchal Service of –Engineers, Minor Irrigation.

The Uttaranchal Service of Engineers Minor Irrigation Department, Rules, 2006

Part- 1- General

1. **Short title and commencement :-**
   (1) These rules may be called The Uttaranchal Service-of –Engineers, Minor Irrigation Department Rules, 2006"
   (2) They shall come into force at once.

2. **Status of the Service:**
   The Uttaranchal-Service of Engineers Minor Irrigation Department is a State Service, comprising group "A" and "B" posts.

3. **Definition**
   In these rules, unless there is any thing repugnant, in the subject or context;
   (a) "Appointing Authority" means Governor";
   (b) "Commission" mean The uttaranchal Public Service Commission;
   (c) " Commission" means constitution of India;
   (d) "Government" means the State Government of Uttaranchal;
   (e) "Governor" means the Governor of the Uttaranchal;
   (f) "Member of the Service" means a person substantively appointed under these rules or the rules or orders in force prior to the commencement of these rules, to a post in the respective cadre of the service;
   (g) "Service" means the Uttaranchal Service of Engineers, Minor Irrigation Department;
   (h) "Substantive Appointment" means an appointment, not being an ad hoc appointment, on a post, in the cadre of the service, made after selection in accordance with the rules; and if there were no rules, in accordance with the procedure prescribed, for the time being, by executive- instructions, issued by the Government;
(2) रिक्तियों की सूचना चयन समिति के अध्यक्ष द्वारा समाचार पत्रों में विज्ञापित की जायेगी और ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आंमत्रित किए जाएगे जो परिशिष्ट के स्तंभ–5 में विनिर्दिष्ट तकनीकी अर्हता रखतें हो और जिनके नाम उत्तरांचल स्थित विभिन्न सेवा–योजन कार्यालयों में पंजीकृत हो।	(2) रिक्तियों की सूचना आयोग द्वारा समाचार पत्रों में विज्ञापित की जाएगी और ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आमंत्रित किए जायेंगे, जो परिशिष्ट के स्तंभ–5 में विनिर्दिष्ट तकनीकी अर्हता रखते हों और जिनके नाम उत्तराखण्ड स्थित विभिन्न सेवायोजन कार्यालयों में पंजीकृत हो।
(3) किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा जब तक कि उसके पास नियुक्त चयन समिति द्वारा जारी किया गया प्रवेश पत्र न हो।	(3) किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में तब तक सम्मिलित नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश पत्र न हो।
(4) चयन समिति द्वारा एक लिखित परीक्षा का आयोजन निम्नलिखित विषयों में किया जाएगा:– (अ) संबंधित अभियंत्रण शाखा विषय–50 अंक (ब) सामान्य ज्ञान – 20 अंक (स) सामान्य हिन्दी – 20 अंक	(4) आयोग द्वारा, शासन से अनुमोदित पाठ्यक्रम के अनुसार लिखित परीक्षा 350 अंक एवं व्यक्तिगत परीक्षा 50 अंक की जी जाएगी। (5) लिखित परीक्षा का परिणाम प्राप्त हो जाने और सारणीबद्ध कर लिए जाने के पश्चात् आयोग, निगम के अधीन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यार्थियों का

(द) साक्षात्कार — 10 अंक योग 100 अंक (5) लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर उतने अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जितने इस संबंध में चयन द्वारा निर्धारित स्तर तक पहुंच सके हों, अभ्यर्थियों कों साक्षात्कार में दिए गए अंक उनके द्वारा लिखित परीक्षा प्राप्त अंकों में जोड़ दिए जाएंगे। (6) चयन समिति अभ्यर्थियों को उनकी प्रवीणता क्रम में, जैसा कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को जितनी वह नियुक्ति के लिए उचित समझे, संस्तुत करेगा। यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी योग में बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जाएगा सूची में नामों की संख्या रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु पच्चीस प्रतिशत से अनाधिक होगी) चयन समिति सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।	सम्यक् प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाएगा, जो लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर इस संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित स्तर तक पहुंच सके हों। साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी को दिए गए अंकों को, लिखित परीक्षा में उसके द्वारा प्राप्त अंकों में जोड़ दिया जाएगा। (6) आयोग, अभ्यर्थियों को उनकी प्रवीणता क्रम में, जैसा कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों के कुल योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को, जितने वह नियुक्ति के लिए उचित समझे, संस्तुत करेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी कुल योग में बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करें तो लिखित परीक्षा में भी दो या अधिक अभ्यर्थियों ने बराबर–बराबर अंक प्राप्त किए हो तो आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को चयन सूची में ऊपर रखा जाएगा। सूची में नामों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु पच्चीस प्रतिशत से अनधिक) होगी। आयोग, सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगा।

निमय 16 का प्रतिस्थापन

5. उक्त नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिए गए वर्तमान नियम 16 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात–

स्तम्भ–1 (वर्तमान नियम)	स्तम्भ–2 (एतद्द्वारा संशोधित नियम)
16–पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया (1) पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर उत्तरांचल विभागीय समिति का गठन (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदो के लिए) नियमावली, 2003 के अनुसार गठित की जाने वाली चयन समिति के माध्यम से की जायगी। (2) चयन समिति चयन किए गए अभर्थियों की ज्येष्ठता क्रम में, जैसी उस संवर्ग में हों, जिनसे उनकी पदोन्नति की जानी है, एक सूची तैयार करेगी ओर उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।	16–पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया कनिष्ठ अभियन्ता के पद पर पदोन्नति भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर, समय–समय पर यथोसंशोधित उत्तराखण्ड लोक सेवा, आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया), नियमावली 2003 के अनुसार होगी: परन्तु यह कि, यदि दो या अधिक संवर्गों के वेतनमान समान हों, तो पात्रता सूची में अभ्यर्थियों के नाम, उनकी मौलिक नियुक्ति के दिनांक के क्रमानुसार रखे जाएगें।

आज्ञा से,
(विनोद फोनिया)
सचिव

संख्या 1373 / ।।–2004–14(05)/2005

प्रेषक,

विनोद फोनिया,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
लघु सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

लघु सिंचाई अनुभाग — देहरादून : दिनांक 05, सितम्बर 2008

विषय : पंचायती–राज–व्यवस्था के अन्तर्गत, लघु सिंचाई विभाग में, जल–उपभोक्ता–समूह के माध्यम से सिंचाई–सहभागिता–प्रबन्धन–व्यवस्था ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासनादेश संख्या 338/ ।।–2004/2005 दिनांक 31–03–2005 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें। पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत, सिंचाई–सहभागिता–प्रबन्धन–व्यवस्था के तहत प्रस्तावित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, उक्त शासनादेश में निम्नलिखित संशोधन करने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

शासनादेश दिनांक 31–03–2005 के प्रस्तर–2 के अन्त में, निम्नलिखित अंश जोड़ा जाता है:–

1. कार्य का मापन होने से पूर्व

यदि निर्माण–कार्यो की मापें, कनिश्ठ अभियन्ता, लघु सिंचाई द्वारा माप–पुस्तिका में, अंकन करने से पूर्व ही, जल उपभोक्ता समूह को निर्गत तथा प्राप्त सामग्री एवं उपभोग की गई सामग्री का दुरूपयोग परिलक्षित होता है अथवा उपभोक्ता समूह द्वारा सामग्री को बेचे जाने एवं गायब कर दिये जाने आदि का प्रकरण प्रकाश में आता है, तो ऐसी स्थिति में, निर्गत–सामग्री की, शत–प्रतिशत (100:) जिम्मेदारी, जल–उपभोक्ता–समूह की होगी तथा तद्नुसार ही शासन को हुई क्षति की धनराशि की वसूली, जल–उपभोक्ता–समूह के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष से निम्नानुसार की जायेगी:–

(अ)	जल उपभोक्ता समूह के अध्यक्ष से	–	50 प्रतिशत
(ब)	जल उपभोक्ता समूह के उपाध्यक्ष से	–	50 प्रतिशत
	योग	–	100 प्रतिशत

2. कार्य का मापन होने के पश्चात:–

यदि निर्माण–कार्यो की मापें, कनिश्ठ अभियन्ता, लघु सिंचाई द्वारा माप पुस्तिका में अंकन कर दिये जाने के पश्चात कोई अनियमिततायें प्रकाश में आती है, तो जल–उपभोक्ता–समूह के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य कर्मचारियों/अधिकारियों आदि का संयुक्त रूप से उत्तरदायित्व निर्धारित कर, सम्बन्धित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए, शासन को हुई धनराशि की हानि की वसूली, निम्नानुसार की जायेगी:–

(।) योजना के नियोजन (Planning) में कमी/दोष पाये जाने पर :–

इस सम्बन्ध में शासन को हुई हानि का उत्तरदायित्व निम्न प्रकार निर्धारित होगा:–

1	कनिष्ठ अभियन्ता से कुल हानि का	50 प्रतिशत
2	सहायक अभियन्ता से कुल हानि का	35 प्रतिशत
3	अधिशासी अभियन्ता से कुल हानि का	15 प्रतिशत
	योग	100 प्रतिशत

क्रमशः.....2

(।।) योजना के क्रियान्वयन में कमी पाये जाने पर:–

इस सम्बन्ध में शासन को हुई हानि का उत्तरदायित्व निम्न प्रकार निर्धारित होगा:–

1	अध्यक्ष, जल उपभोक्ता समूह	25 प्रतिशत
2	उपाध्यक्ष, जल उपभोक्ता समूह	25 प्रतिशत
3	कनिष्ठ अभियन्ता 50 प्रतिशत का 50 प्रतिशत	25 प्रतिशत
4	सहायक अभियन्ता 50 प्रतिशत का 35 प्रतिशत	17.5 प्रतिशत
5	अधिशासी अभियन्ता 50 प्रतिशत का 15 प्रतिशत	7.5 प्रतिशत
	योग	100 प्रतिशत

3– <u>निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में, खराबी/दोष पाये जाने पर :–</u>

योजनाओं के निर्माण में उपयोग हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री (सीमेंट, सरिया, पाईप, बजरी आदि) मानक के अनुसार न होने पर उससे शासन को हुई क्षति की धनराशि की वसूली निम्नानुसार की जायेगी:–

(।) विभाग द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्री:–

इस सम्बन्ध में शासन को हुई हानि का उत्तरदायित्व निम्न प्रकार निर्धारित होगा:–

1	कनिष्ठ अभियन्ता (भण्डार आपूर्ति)	50 प्रतिशत
2	सहायक अभियन्ता (भण्डार आपूर्ति)	35 प्रतिशत
3	अधिशासी अभियन्ता (भण्डार आपूर्ति)	15 प्रतिशत
	योग	100 प्रतिशत

(।।) उपभोक्ता समूह द्वारा एकत्रित/आपूर्ति की गयी सामग्री के सम्बन्ध में:–

इस सम्बन्ध में शासन को हुई हानि का उत्तरदायित्व निम्न प्रकार निर्धारित होगा:–

(अ) कार्य का मापन होने के पूर्व:–

1	अध्यक्ष, जल उपभोक्ता समूह	50 प्रतिशत
2	उपाध्यक्ष, जल उपभोक्ता समूह	50 प्रतिशत
	योग	100 प्रतिशत

(ब) कार्य का मापन होने के पश्चात:–

1	अध्यक्ष, जल उपभोक्ता समूह	25 प्रतिशत
2	उपाध्यक्ष, जल उपभोक्ता समूह	25 प्रतिशत
3	कनिश्ठ अभियन्ता 50 प्रतिशत का 50 प्रतिशत	25 प्रतिशत
4	सहायक अभियन्ता 50 प्रतिशत का 35 प्रतिशत	17.5 प्रतिशत
5.	अधिशासी अभियन्ता 50 प्रतिशत का 15 प्रतिशत	7.5 प्रतिशत
	योग	100 प्रतिशत

4. <u>जिला योजना एवं राज्य योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों को योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु सीधे उपलब्ध करायी गयी धनराशि के सम्बन्ध में:–</u>

जिला योजना एवं राज्य योजना के अन्तर्गत जिला पंचायतों के माध्यम से ग्राम पंचायतों को योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु सीधे उपलब्ध करायी गयी धनराशि के सम्बन्ध में यदि कोई अनियमितता प्रकाश में आती है तो जल–उपभोक्ता–समूह के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य कर्मचारियों/अधिकारियों आदि का संयुक्त रूप से उत्तरदायित्व निर्धारित कर, सम्बन्धित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए, शासन को हुई धनराशि की हानि की वसूली, निम्नानुसार की जायेगी:–

क्रमशः.....3

(I)	कार्य के मापन से पूर्वः–		
(अ)	जल उपभोक्ता समूह के अध्यक्ष से	–	50 प्रतिशत
(ब)	जल उपभोक्ता समूह के उपाध्यक्ष से	–	50 प्रतिशत
	योग	–	100 प्रतिशत

(II)	कार्य के मापन के पश्चातः–	
1	अध्यक्ष, जल उपभोक्ता समूह	33 प्रतिशत
2	उपाध्यक्ष, जल उपभोक्ता समूह	33 प्रतिशत
3	कनिश्ठ अभियन्ता/सचिव जल उपभोक्ता समूह	20 प्रतिशत
4	सहायक अभियन्ता	14 प्रतिशत
	योग	100 प्रतिशत

5. योजना के क्रियान्वयन से पूर्व जल उपभोक्ता समूह एवं विभाग के सक्षम प्राधिकारी के मध्य 10 रूपये के स्टाप पेपर पर अनुबन्ध किया जायेगा।

6. अनुबन्ध पत्र से सम्बन्धित अभिलेख अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय में रहेगें, जिसकी प्रति सहायक अभियन्ता के कार्यालय में रखी जायेगी तथा कनिश्ठ अभियन्ता एवं जल उपभोक्ता समूह को उपलब्ध करायी जायेगी।

उक्त के अतिरिक्त शासनादेश संख्या 338 दिनांक 31.03.2005 की अन्य शर्ते/व्यवस्था यथावत रहेंगी।

संलग्नः– अनुबन्ध पत्र का प्रारूप

भवदीय

(विनोद फोनिया)
सचिव

संख्या /II–2004–14(05)/2005 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशितः–

1. संयुक्त सचिव, लघु सिंचाई विभाग, जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार।
2. उपसलाहकार, लघु सिंचाई, योजना आयोग, भारत सरकार।
3. आयुक्त, गढ़वाल /कुमायूँ मण्डल/समस्त जिलाधिकारी/उत्तराखण्ड।
4. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
5. प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
6. सचिव, नियोजन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
7. निजी सचिव, मा0 मंत्री, लघु सिंचाई, उत्तराखण्ड।
8. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
9. समस्त अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/कनिश्ठ अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग द्वारा मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लघु सिचांई विभाग।
10. समस्त अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, उत्तराखण्ड।
11. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(विनोद फोनिया)
सचिव

<u>अनुबन्ध–पत्र</u>

अनुबन्ध पत्र संख्या.. दिनांक.................................

लघु–सिंचाई–विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा संचालित योजनाओं के तहत जल उपभोक्ता समूह के माध्यम से निर्मित किये जा रहे कार्यों के क्रियान्वयन, संचालन एवं रख–रखाव हेतु यह अनुबन्ध–पत्र शासनादेश संख्या 338/II–2004/2005 दिनांक 31.03.2005 एवं शासनादेश 1373/II–2004–14(05)/2005 दिनांक 05–09–2008 में निहित प्राविधानों एवं दिशा–निर्देशों के अनुरूप किया गया है।

योजना का नामः ....
स्वीकृति वर्ष ....
कलस्टर संख्या ....
उपयोजना का क्रमांक ....
ग्राम सभा का नामः ....
विकास खण्डः ....
जनपदः ....
कार्य स्थल की स्थिति ....
(तोक, खड्ड, कहां से कहां तक आदि) ....

....

....

कार्य प्रारम्भ करने की तिथि ....
कार्य पूर्ण करने की प्रस्तावित तिथि ....
कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि ....
योजना का भौतिक लक्ष्य

(1) <u>गूल</u>
- (अ) लम्बाई (मीटर में) ....
- (ब) क्रास सैक्शन ....

(2) <u>हौज</u>
- (अ) संख्या ....
- (ब) साईज ....

(3) <u>हाईड्रम</u>
- (अ) संख्या ....
- (ब) साईज ....

(4) <u>वियर</u>
- (अ) संख्या ....
- (ब) लम्बाई ....

(5) <u>पाईप लाईन</u>
- (अ) व्यास ....

क्रमशः...................2

(ब) लम्बाई ....

योजना का सिंचन क्षमता (हेक्टेयर में) ....

परियोजना में प्रयुक्त होने वाली सामग्री (विभाग द्वारा निर्गत)

(अ) सीमेंट ....

(ब) सरिया ....

(स) पाईप ....

उक्त अनुबन्ध में प्रथम पक्ष अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड.................... अथवा उनके अधिकृत सहायक अभियन्ता/कनिश्ठ अभियन्ता ल0सिं0 उपखण्ड............................... होंगे।

प्रथम पक्ष

उक्त अनुबन्ध में द्वितीय पक्ष जल उपभोक्ता समूह (न्ळ) के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष होगें।

द्वितीय पक्ष

नियम एवं शर्ते

1. शासनादेश संख्या 338/||–2004/2005 दिनांक 31.03.2005 एवं शासनादेश संख्या 1373/||–2004–14(05)/2005 दिनांक 05.09.2008 के समस्त प्राविधान भली भांति पढ़ लिया गया है तथा दोनों पक्षों को मान्य है।
2. योजना के क्रियान्वयन हेतु विभाग द्वारा जल उपभोक्ता समूह को निर्गत समस्त सामग्री की प्राप्ति, रख–रखाव एवं योजना के निर्माण में उपयोग उपभोक्ता समूह द्वारा किया जायेगा तथा दुरूपयोग होने पर उक्त शासनादेशों के अनुरूप की गई कार्यवाही दोनों पक्षों को मान्य है।
3. परियोजना विशेष के नाम से जल उपभोक्ता समूह का गठन किया जायेगा। यदि एक ग्राम पंचायत में एक से अधिक परियोजनायें हों तो तद्नुसार एक से अधिक उपभोक्ता समूहों का गठन किया जायेगा, जिसका उद्देश्य कल्याणकारी होगा व्यवसायिक नहीं, गठन की सूचना लिखित रूप में सभी सम्बन्धित को उपलब्ध करायी जायेगी, जिसमें नाम पता व दूरभाष नम्बर आदि भी उपलब्ध कराये जायेगें। जल उपभोक्ता समूह का गठन निम्नवत् होगा।
4. सम्बन्धित ग्राम पंचायत का प्रधान — अध्यक्ष
5. समूह का उपाध्यक्ष ग्राम सभा की खुली बैठक में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी की उपस्थिति में सामान्य सदस्यों में से ही बहुमत से चुना जायेगा। — उपाध्यक्ष
6. सम्बन्धित कनिश्ठ अभियन्ता समूह का पदेन सचिव होगा — पदेन सचिव
7. परियोजना से लाभान्वित होने वाले समस्त कृशक इसके सामान्य सदस्य होंगे। — सामान्य सदस्य

क्रमशः...................3

8. सम्बन्धित ग्राम पंचायत की स्वच्छता एवं जल प्रबन्धन समिति के सदस्य समूह के सदस्य होंगे। पदेन सदस्य

9. योजनाओं का क्रियान्वयन, संचालन एवं रख–रखाव शासनादेश संख्या 338/ ।।– 2004/2005 दिनांक 31. 03.2005 एवं शासनादेश संख्या 1373/ ।।–2004–14(05)/ 2005 दिनांक 05.09.2008 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत किया जायेगा।

10. योजना के निर्माण हेतु निर्माण सामग्री समय से निर्गत किये जाने की जिम्मेदारी विभाग की होगी। विभाग द्वारा निर्गत सामग्री जल उपभोक्ता समूह के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से प्राप्त की जायेगी।

11. योजना निर्माण की प्रगति प्रत्येक माह के 20 तारीख तक उपभोक्ता समूहों द्वारा सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई को दी जायेगी।

12. योजना निर्माण के पश्चात योजना जल उपभोक्ता समूह को हस्तानान्तरित की जायेगी तथा इसका उपयोग प्रस्तावित कृषि भूमि की सिंचाई हेतु किया जायेगा तथा उन्नत फसल चक्र अपनाया जायेगा।

13. योजना क्षतिग्रस्त होने पर इसकी मरम्मत एवं रख–रखाव जल उपभोक्ता समूह द्वारा किया जायेगा।

14. जल उपभोक्ता समूह के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कार्य की मात्रा के आधार पर आवश्यक श्रमिक कार्य पर लगायेंगे ताकि कार्य समय से पूर्ण हो सके।

15. योजना पर कार्य कराने का दायित्व जल उपभोक्ता समूह के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का होगा। योजना निर्माण हेतु विभाग द्वारा निर्माण सामग्री (सीमेन्ट, सरिया, पाईप आदि) निर्गत होने के पश्चात कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने, कार्य की गुणवत्ता खराब होने अथवा सामग्री के दुरूपयोग होने पर आवश्यक नोटिस के उपरान्त शासनादेश सं0 338/ ।।–2004/2005 दिनांक 31.03.2005 एवं शासनादेश सं01373/ ।।–2004–14(05)/2005 दिनांक 05.09.2008 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। आवश्यक होने पर भारतीय दण्ड संहिता के तहत भी कार्यवाही की जायेगी।

16. यदि गठित जल उपभोक्ता समूह द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा रहा हो या कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रहा हो तथा आवश्यक नोटिस के उपरान्त विभाग को यह संतुष्टि हो जाती है कि कार्य समय पर पूर्ण नहीं किया जा सकता तो, नये जल उपभोक्ता समूह का गठन कर कार्य समय से पूर्ण कराने का पूर्ण अधिकार विभाग के सम्बन्धित लघु सिंचाई खण्ड को होगा।

क्रमशः.....4

प्रथम पक्ष

(1) हस्ताक्षर
नाम.....
कनिश्ठ अभियन्ता
उपखण्ड.....
विकासखण्ड.....
जनपद.....

(2) हस्ताक्षर
नाम.....
सहायक अभियन्ता
उपखण्ड.....
विकासखण्ड.....
जनपद.....

द्वितीय पक्ष

(1) हस्ताक्षर
नाम.....
अध्यक्ष, जल उपभोक्ता समूह
ग्राम व ग्राम पंचायत.....
विकासखण्ड.....
जनपद.....

(2) हस्ताक्षर
नाम.....
उपाध्यक्ष, जल उपभोक्ता समूह
ग्राम व ग्राम पंचायत.....
विकासखण्ड.....
जनपद.....

प्रतिहस्ताक्षर

हस्ताक्षर.....
नाम.....
अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड.....

संलग्नक:–

1. योजना का आगणन।
2. शासनादेश संख्या 338 दिनांक 31.03.2005 की प्रति।
3. शासनादेश संख्या दिनांक की प्रति।

उत्तराखण्ड शासन
लघु सिंचाई विभाग
संख्या–376 / II–2009–01(15) / 2006
देहरादून: दिनांक 02 मार्च, 2009
अधिसूचना
विविध

'भारत का संविधान' के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग तथा इस विषय पर विद्यमान नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करके राज्यपाल महोदय ' उत्तराखण्ड लघु सिंचाई विभाग बोरिंग प्रविधिज्ञ सेवा' में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती तथा सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :–

उत्तराखण्ड लघु सिंचाई विभाग, बोरिंग प्रविधिज्ञ सेवा

नियमावली, 2009

भाग 1–सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ –

1. (1) यह नियमावली उत्तराखण्ड लघु सिंचाई विभाग बोरिंग प्रविधिज्ञ सेवा नियमावली , 2009 कहलाएगी।

   (2) यह तुरन्त प्रभावी होगी।

सेवा की प्रास्थिति –

2. उत्तराखण्ड लघु सिंचाई विभाग बोरिंग प्रविधिज्ञ सेवा अराजपत्रित सेवा है जिसमें समूह–"ग" के पद समाविष्ट हैं।

परिभाशाए–

3. जब तक कि विषय या सन्दर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में–

   (क) 'नियुक्ति प्राधिकारी' से लघु सिंचाई विभाग के सम्बन्धित खण्ड का अधिशासी अभियन्ता अभिप्रेत है,

   (ख) 'मुख्य अभियन्ता' से मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है,

   (ग) 'भारत का नागरिक' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो 'भारत का संविधान' के भाग–2 के अधीन भारत का नागरिक हो या भारत का नागरिक समझा जाता है,

   (घ) 'संविधान' से 'भारत का संविधान' अभिप्रेत है,

   (ड) 'सरकार' से उत्तराखण्ड राज्य की सरकार अभिप्रेत है,

   (च) 'राज्यपाल' से उत्तराखण्ड का राज्यपाल अभिप्रेत है,

   (छ) 'सेवा का सदस्य' से इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ से पूर्व प्रवृत्त नियमों और आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है,

(ज) 'सेवा' से उत्तराखण्ड लघु सिंचाई विभाग, बोरिंग प्रविधिज्ञ सेवा अभिप्रेत है,

(झ) 'मौलिक नियुक्ति' से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो तद्र्थ नियुक्ति न हो और नियमानुसार चयन के पश्चात् की गई हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार चयन के पश्चात की गई हो तथा

(ट) 'भर्ती का वर्ष' से किसी कैलेण्डर वर्ष के जुलाई के प्रथम दिवस से आरम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है,

(ठ) "छंटनीशुदा कर्मचारी" का तात्पर्य उस व्यक्ति से है–

(एक) जिसने राज्यपाल की नियम बनाने की शक्ति के अधीन किसी पद पर स्थायी, अस्थायी रूप में, मौलिक रूप में, कम से कम एक वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिये निरन्तर सेवा की हो,

(दो) जिसे अधिष्ठान में कमी या उसका परिसमापन किये जाने के कारण सेवा से अवमुक्त किया गया हो या किया जा सकता है, और

(तीन) जिसके सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा छंटनीशुदा कर्मचारी होने का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो, किन्तु इसके अंतर्गत तदर्थ आधार पर नियोजित कोई व्यक्ति नहीं होगा।

भाग–दो संवर्ग

सेवा का संवर्ग–

4.(1) सेवा में कर्मचारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जो समय–समय पर सरकार द्वारा अवधारित की जाय।

(2) सेवा में कर्मचारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या, जब तक उपधारा (1) के अधीन पारित आदेशों द्वारा परिवर्तन न किया जाय, उतनी होगी जो इस नियमावली के नियम 24 (2) में दी गयी है।

परन्तु उपबन्ध यह है किय

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को विना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(दो) राज्यपाल ऐसे स्थायी अथवा अस्थायी पद सृजित कर सकते हैं, जैसा वे उचित समझें।

भाग तीन–भर्ती

भर्ती का स्रोत–

5. सेवा में विभिन्न श्रेणी के पदों की भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी :–

(क) <u>बोरिंग प्रविधिज्ञ</u>–(1) मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे स्थायी सहायक बोरिंग प्रविधिज्ञों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को सहायक बोरिंग प्रविधिज्ञ के रूप में कम से कम पांच वर्ष

की निरन्तर सेवा पूरी कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर, पदोन्नति द्वारा,

(ख) <u>सहायक बोरिंग प्रविधिज्ञ</u>– सीधी भर्ती द्वारा।

आरक्षण–

6. उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

<u>भाग चार– अर्हताएं</u>

राष्ट्रीयता–

7. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये आवश्यक है कि अभ्यर्थी :–

(क) भारत का नागरिक हो या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थाई रूप से बसने के आशय से 01 जनवरी, 1962 से पहले भारत आया हो,

(ग) भारतीय मूल का व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका तथा केनिया, युगाण्डा और संयुक्त तांजानिया गणराज्य (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) के पूर्वी अफ्रीकी देशों से प्रव्रजन किया होय

परन्तु, उक्त श्रेणी (ख) और (ग) से संबंधित अभ्यर्थी वह व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो,

परन्तु यह और कि उपर्युक्त श्रेणी (ख) से सम्बन्धित अभ्यर्थी के लिए भी पुलिस उप महानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा,

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उक्त श्रेणी (ग) से सम्बन्धित है तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के बाद उसके द्वारा भारत की नागरिकता प्राप्त करने पर सेवा में रखा जा सकेगा।

टिप्पणी– ऐसे अभ्यर्थी को, जिसके मामले में पात्रता प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु उसे न तो जारी किया गया हो और न ही नामंजूर किया गया हो, परीक्षा या साक्षात्कार में प्रवेश दिया जा सकता है और उसे अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है। किन्तु शर्त यह है कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लिया जाये या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

शैक्षिक अर्हताएं–

8. सहायक बोरिंग प्रविधिज्ञ के पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी–

(एक) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तराखण्ड/उत्तर प्रदेश से हाईस्कूल परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए, एवं

(दो) निम्नलिखित किसी व्यवसाय में सेवायोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तराखण्ड या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दिया गया दो वर्ष के पाठ्यकम का डिप्लोमा अभ्यर्थी के पास होना आवश्यक है:–

(1) मशीन मिस्त्री (मशीनिस्ट)। (2) मिस्त्री (फिटर)।

(3) मोटर प्रविधिज्ञ (मैकेनिक) (4) प्रविधिज्ञ (अंतर्दहन इंजन)।

(5) नलसाज (प्लम्बर)। (6) औजार साज (टूलमेकर)।

(7) तार मिस्त्री (वायरमैन)। (8) खरादी (टर्नर)

अधिमानी अर्हताएं

9. अन्य बातों के समान होने पर, ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा जिसने–

(एक) तकनीकी डिप्लोमा प्राप्त करने के पश्चात् कम से कम एक वर्ष का एप्रेन्टिस किया हो, या

(दो) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

(तीन) राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

आयु– 10. सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी की आयु, जिस वर्ष भर्ती की जानी हो, उस वर्ष की पहली जनवरी को, यदि पद पहली जनवरी से 30 जून की अवधि में विज्ञापित किये जायं और पहली जुलाई को, यदि पद पहली जुलाई से 31 दिसम्बर की अवधि में विज्ञापित किये जायं, 18 वर्ष की हो जानी चाहिये और 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये :

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य ऐसी श्रेणियों के अभ्यर्थियों के मामले में जिन्हें सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाय, अधिकतम आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

चरित्र–

11. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिये जिससे वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिये सर्वथा उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस संबंध में अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी– संघ सरकार या राज्य सरकार अथवा संघ सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्व में अथवा नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकरण या निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के अपराध से सम्बद्ध सिद्धदोष व्यक्ति भी नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

वैवाहिक प्रास्थिति–

12. सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक जीवित पत्नी हो,

परन्तु, सरकार किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है यदि उसका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान है।

शारीरिक स्वस्थता–

13. किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्त नहीं किया जायेगा, यदि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है और किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त नहीं है, जिसके कारण उसे अपने कर्तव्यों के दक्षता पूर्वक निर्वहन में हस्तक्षेप की संभावना हो। किसी अभ्यर्थी की नियुक्ति के लिये अनुमोदित करने से पूर्व उससे वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–दो, भाग–तीन के अध्याय–तीन में समाविष्ट मूल नियम 10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है:

परन्तु पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये अभ्यर्थी से स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित नहीं होगा।

भाग पांच–भर्ती की प्रकिया

रिक्तियों का अवधारण–

14. नियुक्ति प्राधिकारी तत्समय प्रवृत्त नियमों के अनुसार वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों और नियम 6 के अधीन उत्तराखण्ड की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या अवधारित करेगा और सेवायोजन कार्यालय को सूचित करेगा।

सीधी भर्ती की प्रकिया–

15. (1) सीधी भर्ती के प्रयोजन के लिये एक चयन समिति का गठन किया जायेगा जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :–

1	अधिशासी अभियन्ता के पद से अनिम्न श्रेणी का कोई अधिकारी, जो मुख्य अभियन्ता द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जायेगा।	अध्यक्ष
2	अधिशासी अभियन्ता, सह वैयक्तिक सहायक (अधिष्ठान)	सदस्य
3	मुख्य अभियन्ता द्वारा नाम निर्दिष्ट एक अधिशासी अभियन्ता	सदस्य

उपरोक्त में यदि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई अधिकारी न हो तो उपरोक्त कमांक–3 पर ऐसे वर्ग के अधिशासी अभियन्ता अथवा एक स्तर निम्न के एक अधिकारी को मुख्य अभियन्ता द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जायेगा।

(2) सेवा में सीधी भर्ती हेतु नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा व्यापक प्रसार वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में रिक्तियां विज्ञापित की जायेगी और ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जायेंगे, जिनके नाम उत्तराखण्ड में स्थित किसी एक सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत हों।

(3) चयन समिति आवेदन पत्रों की संवीक्षा करेगी और ऐसे अभ्यर्थियों, जो अपेक्षित अर्हतायें पूर्ण करते हैं, को लिखित परीक्षा हेतु आमंत्रित करेगी।

(4) चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्न (व्हरमबजपअम ज्लचम फनमेजपवदे ूपजी डनसजपचसम बैवपबम) की रखी जायेगी। लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें सामान्य हिन्दी, सामान्य ज्ञान, औद्योगिक तकनीक के प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 01 अंक दिया जायेगा एवं प्रत्येक त्रुटिपूर्ण उत्तर के लिए 1/4 ऋणात्मक अंक दिया जायेगा। परीक्षा 02 घंटे की होगी। प्रश्नपत्र हाईस्कूल स्तर तथा सम्बन्धित व्यवसाय के स्तर के पूछे जायेंगे।

(5) अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा की 'प्रश्न बुकलेट' परीक्षा के पश्चात् अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी।

(6) लिखित परीक्षा की उत्तर शीट (।दूमत ौममज) कार्बन प्रति के साथ डुप्लीकेट में होगी तथा परीक्षा के बाद डुप्लीकेट प्रति अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी।

(7) परीक्षा के पश्चात, लिखित परीक्षा की उत्तरमाला (।दूमत ामल) को उत्तराखण्ड की बैबसाईट ूण्नंण्दपबण्पद या दैनिक समाचार पत्र में, जिसका व्यापक परिचालन हो, प्रकाशित किया जायेगा।

(8) चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों की, उनकी प्रवीणता कम में, जैसा कि लिखित परीक्षा में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों एवं अन्य मूल्यांकनों के योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार की जायेगी। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी योग में बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो अधिक आयु वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा। सूची में नामों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु 25 प्रतिशत से अधिक नहीं) होंगे। चयन समिति द्वारा सूची नियुक्ति अधिकारी को अग्रसारित की जायेगी।

(9) मुख्य अभियन्ता, नियुक्ति करने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी को अपेक्षित संख्या में नाम भेजेगा।

(10) चयन का परिणाम घोषित करने के साथ ही सभी अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा के अंकों को उत्तराखण्ड की वेबसाईट पर रखा जायेगा।

फीस–

16. चयन के लिए अभ्यर्थियों से चयन समितिको ऐसी फीस देने की अपेक्षा की जायेगी जो सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय। फीस की वापसी के लिए कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंक, सही उत्तरों का प्रदर्शन एवक प्रकाशन–

17. जब चयन प्रकिया पूरी हो जाय और चयन सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित कर दी जाय तो चयनित अभ्यर्थी द्वारा चयन परीक्षा में प्राप्त किये गये अंकों का कुल योग व्यापक परिचालन वाले दैनिक समाचार–पत्र में प्रकाशित किया जायेगा तथा उत्तराखण्ड की बैबसाइट पर, जनपद के जिला कार्यालय और सम्बन्धित कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जायेगा।

सभी अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त कुल अंक (लिखित परीक्षा, छंटनी शुदा कर्मचारी के अंकों को वर्गीकृत करते हुए) अधिकतम अंक के साथ अवरोही कम में (क्मेबमदकपदह व्तकमत) उत्तराखण्ड की वैवसाइट ूण्नंण्दपबण्पद पर प्रदर्शित किये जायेंगे।

अभ्यर्थियों द्वारा अभिलेखों का निरीक्षण–

18. अभ्यर्थियों को ऐसी फीस का, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय, भुगतान करने पर भाग पांच के अनुसार चयन समिति द्वारा की गयी चयन प्रकिया से सम्बन्धित अभिलेखों और उसमें दिये गये अंकों का निरीक्षण करने की अनुमति दी जायेगी। यदि कोई अभ्यर्थी ऐसी इच्छा व्यक्त करें तो उसे दो रूपये प्रति पृष्ठ की दर से फीस का भुगतान करने पर ऐसे अभिलेखों की फोटो प्रतियॉ भी दी जायेगी।

पदोन्नति की प्रकिया–

19. (1) सहायक बोरिंग प्रविधिज्ञ से बोरिंग प्रविधिज्ञ के पदों पर पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर, नियम 15 के अधीन गठित चयन समिति के माध्यम से की जायेगी।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की ज्येष्ठता कम में एक पात्रता सूची तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र पंजियों और उनसे सम्बन्धित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ, जो उचित समझे जायें, चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(3) चयन समिति उपनियम (2) मे निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों की उपयुक्तता पर विचार करेगी।

(4) चयन समिति चयन किये गये अभ्यर्थियों की ज्येष्ठताकम में एक सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

भाग छः–नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति–

20. (1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, नियुक्ति प्राधिकारी, अभ्यर्थियों की नियुक्ति उसी कम में करेगा, जिसमें उनके नाम, यथास्थिति, नियम के अधीन तैयार की गई सूचियों में हों।

(2) यदि किसी चयन के सम्बन्ध में एक से अधिक नियुक्ति के आदेश जारी किये जाते हैं तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें चयनित व्यक्तियों के नामों का उल्लेख, चयन में अवधारित ज्येष्ठता के आधार पर या उस कम में, यथास्थिति, जिस कम में उनका नाम उस संवर्ग में है, जिससे उन्हें पदोन्नत किया जाये, किया जायेगा।

परिवीक्षा–

21. (1) सेवा या किसी स्थायी पद पर या उसके विरुद्ध रिक्ति पर नियुक्त व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन रहेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी पृथक–पृथक मामले में परिवीक्षा की तारीख विनिर्दिष्ट करते हुए जब तक अवधि बढ़ाई गयी है, अवधि बढ़ा सकता है, जिसके कारण अभिलिखित करने होंगे। परन्तु उपबन्ध यह है कि आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय, परिवीक्षा–अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायेगी।

(3) यदि नियुक्ति प्राधिकारी को प्रतीत होता है कि परिवीक्षा–अवधि के दौरान किसी समय या परिवीक्षा अवधि की समाप्ति अथवा परिवीक्षा की बढ़ायी गई अवधि में किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति द्वारा अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं गया किया है या वह अन्यथा संतुष्टि प्रदान करने में असफल रहा है तो उसे उसके मूल पद पर, यदि कोई है, प्रत्यावर्तित किया जा सकेगा या यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार नहीं है, तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकेंगी।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिसे उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित कर दिया गया हो या जिसकी सेवायें समाप्त कर दी गयी हैं, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी परिवीक्षा अवधि की संगणना के प्रयोजन हेतु उस निरन्तर सेवा को गिने जाने की अनुमति दे सकेगा, जो उस विशिष्ट संवर्ग में शामिल पद पर या किसी समान अथवा उच्चतर पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप से प्रदान की गयी हो।

स्थायीकरण–

22. परिवीक्षाधीन व्यक्ति को उसकी नियुक्ति में उसकी परिवीक्षा–अवधि या बढ़ायी गई परिवीक्षा–अवधि की समाप्ति पर उत्तराखण्ड राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली 2002 के अंतर्गत स्थायी किया जा सकेगा यदि :–

(क) उसने विहित विभागीय परीक्षा, यदि कोई हो, उत्तीर्ण कर ली हो,

(ख) उसने विहित प्रशिक्षण, यदि कोई हो, सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया हो,

(ग) उसका कार्य व आचरण संतोषजनक बताया गया हो,

(घ) उसकी सत्यनिश्ठा अभिप्रमाणित है, तथा

(ङ) नियुक्ति प्राधिकारी का समाधान हो गया है कि वह स्थायीकरण हेतु अन्यथा उपयुक्त है।

ज्येष्ठता–

23. (1) एतद्पश्चात की गयी व्यवस्था के अतिरिक्त किसी श्रेणी के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता का निर्धारण उत्तराखण्ड सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 2002 के अनुसार किया जायेगा। यदि दो या उससे अधिक व्यक्ति एक साथ नियुक्त किये जाते हैं तो उनकी ज्येष्ठता उस क्रम में निर्धारित की जायेगी जिसमें उनके नाम उनके नियुक्ति आदेश में क्रमांकित किये जाते हैं।

परन्तु उपबन्ध यह है कि यदि नियुक्ति आदेश में कोई पूर्ववर्ती दिनांक विनिर्दिष्ट किया जाता है, जिससे कोई व्यक्ति मूल रूप से नियुक्त किया जाता है, तो वह दिनांक उसकी मौलिक नियुक्ति के आदेश का दिनांक माना जायेगा तथा अन्य मामले में इसे आदेश जारी किये जाने का दिनांक माना जायेगा।

(2) किसी एक चयन के परिणाम स्वरूप सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता वही होगी जो चयन समिति द्वारा अवधारित की जाए।

परन्तु उपबन्ध यह है कि यदि सीधी भर्ती वाला कोई अभ्यर्थी पद का प्रस्ताव प्रदान किये जाने पर बिना वैध करणों से कार्यभार ग्रहण करने में असफल रहता है तो वह अपनी ज्येष्ठता खो सकता है। कारणों की वैधता के सम्बन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

भाग सात– वेतन आदि

वेतनमान–

24. (1) सेवा में, विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को अनुज्ञेय वेतनमान वह होगा जो सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय, चाहे नियुक्ति मौलिक अथवा स्थानापन्न अथवा अस्थायी उपाय के रूप में की गई हो।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ होने के समय वेतनमान निम्नलिखित हैं :–

पद का नाम	स्वीकृत पदों की संख्या	वेतन बैंड (रू0 में)	सादृश्य ग्रेड वेतन
सहायक बोरिंग प्रविधिज्ञ	46	5200.20ए200	1900
बोरिंग प्रविधिज्ञ	24	5200.20ए200	2400

परिवीक्षा के दौरान वेतन

25. (1) मूल नियमों में किसी प्रतिकूल प्राविधान के होते हुए भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति, यदि स्थायी सरकारी सेवा में नहीं है, तो उसे एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने, विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने और प्रशिक्षण प्राप्त करने पर, जहां विहित हो, समयमान में प्रथम वेतन वृद्धि की अनुमति प्रदान की जायेगी तथा दूसरी वेतनवृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात परिवीक्षा अवधि पूर्ण किये जाने तथा स्थायी किये जाने पर दी जायेगी।

परन्तु उपबन्ध यह है कि यदि संतुष्टि प्रदान करने में असफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाती है तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्य निदेश न दें, ऐसी बढ़ायी गयी अवधि वेतनवृद्धि के लिए नहीं गिनी जायेगी।

(2) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन, जो सरकार के अधीन पहले से ही पद धारण कर रहा है, संगत मूल नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा।

परन्तु यह कि यदि समाधान प्रदान करने में असफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाती है तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दें, ऐसी बढ़ायी गई अवधि वेतनवृद्धि के लिए नहीं गिनी जायेगी।

(3) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन, जो पहले से ही स्थायी सरकारी सेवा में है, राज्य के कार्यो से सम्बन्धित सामान्यतः सेवारत सरकारी सेवकों पर लागू संगत नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा।

भाग आठ– अन्य प्राविधान

पक्ष समर्थन–

26. किसी पद या सेवा पर लागू नियमों के अधीन अपेक्षित संस्तुति से भिन्न किसी लिखित अथवा मौखिक संस्तुति पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिये अनर्ह कर देगा।

अन्य विषयों का विनियमन–

27. ऐसे विषयों के सम्बन्ध में, जो विर्निदिष्ट रूप से इस नियमावलीं या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हो, सेवा में नियुक्त ऐसे व्यक्ति राज्य के कार्यो से संबंधित सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा नियंत्रित होंगे।

सेवा शर्तों का शिथिलीकरण–

28. यदि राज्य सरकार का समाधान हो जाये कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्तें विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशेष मामले में अनुचित कठिनाई हो सकती है, तो वह इस मामले में लागू नियमावली में किसी बात के होते हुये भी आदेश द्वारा इस सीमा तक तथा ऐसी शर्तों के अधीन इस नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्त कर देगी या शिथिल कर देगी जो वह मामले के सम्बन्ध में न्यायोचित तथा साम्यता पूर्वक कार्यवाही करने के लिए उचित समझे।

व्यावृत्ति–

29. इस नियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए उपबन्धित किया जाना अपेक्षित हो।

आज्ञा से,

(विनोद फोनिया)
सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no---------- dated---------- for general information.

GOVERNMENT OF UTTARAKHAND
MINOR IRRIGATION DEPARTMENT
NO. 376 /II-2009-01(15)/2006
Dehradun Date 02 March, 2009
NOTIFICATION
Miscellaneous

In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India and in supersession of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules regulating recruitment and conditions of service of persons appointed to the Uttarakhand Minor Irrigation Department, Boring Technicians Service.

UTTARAKHAND MINOR IRRIGATION DEPARTMENT, BORING TECHNICIANS SERVICE RULES, 2009

PART 1- General

Short title and commencement. 1- (1) These Rules may be called The Uttarakhand Minor Irrigation Department, Boring Technicians Service Rules, 2009.

(2) They shall come into force at once.

Status of the Service. 2- The Uttarakhand, Minor Irrigation Department Boring Technicians service is a Non-Gazetted Service, comprising group "C" posts .

Definitions . 3- In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context-

(a) "Appointing Authority" means Executive Engineer of concerned Division of Minor Irrigation Department.

(b) "Chief Engineer" means Chief Engineer of Minor Irrigation Department, Uttarakhand.

(c) "Citizen of India" means a person who is or is deemed to be a Citizen of India under Part 2 of the Constitution;

(d) "Constitution" means the Constitution of India;

(e) "Government" means the State Government of Uttarakhand.

(f) "Governor" means the Governor of Uttarakhand;

(g) "Member of the Service" means a person substantively appointed under these rules or rules or orders in force prior to the commencement of these rules.

(h) "Service" means the Uttarakhand Minor Irrigation Department, Boring Technicians Service;

(i) "Substantive appointment" means an appointment not being an ad hoc appointment, on a post in the cadre of the Service and made after selection in accordance with the rules

and, if there were no rules, in accordance with the procedure prescribed for the time being by executive instructions issued by the Government; and

(j) "Year of recruitment" means a period of 12 months commencing from the 1st day of July of a calendar year,

(k) "Retrenched Employee " means a person,

(i) Who has worked continuously for a minimum period of one year on a post in permanent, temporary or substantive capacity under the rule making power of the Governor,

(ii) Who has been or may be relieved from the Service on account of reduction or abolition of the Establishment, and

(iii) In whose favour by the Appointing Authority certificate to the effect of being a Retrenched Employee, provided that it will not include any person employed on ad hoc basis.

Part II – CADRE

Cadre of Service: . 4- (1) The Strength of the Service and each category of posts therein shall be such as may be determined by the Government from time to time.

(2) The Strength of the Service and each category of posts therein shall, until orders varying the same are passed under sub-rule (1) be as given in Rule-24 (2) provided that:-

(a) The Appointing Authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post, without thereby entitling any person to compensation;

(b) The Governor may create such additional permanent or temporary posts, as he may consider proper.

PART III- RECRUITMENT

Source of Recruitment. 5- Recruitment to the various categories of posts in the Service shall be made from the following sources:

(1) Boring Technician-(i) By promotion on the basis of seniority, subject to rejection of unfit from amongst such substantively appointed Assistant Boring Technicians , who have completed minimum 5 years of continuous service as such, on the first day of the year of recruitment.

(2) Assistant Boring Technician:- By Direct Recruitment

Reservation. 6- Reservation for the candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes,Other Backward Classes and other Categories belonging to the State of Uttarakhand shall be in accordance with the orders of the Government in force at the time of the recruitment.

PART- IV- QUALIFICATIONS

Nationality. 7- A candidate for direct recruitment to a post in the Service must be:-

(a) A citizen of India, or

(b) A Tibetan refugee, who came over to India before 1st January, 1962 with the intention of permanently settling in India, or

(c) A person of Indian origin, who has migrated form Pakistan, Myanmar (FormerlyBurma), Sri Lanka (Formerly Ceylon) or any of the East African countries of Kenya, Uganda and United Republic of Tanzania (formerly Tanganika and Zanzibar) with the intention of permanently settling in India.

Provided that a candidate belonging to category (b) or (c) above must be a person in whose favour a certificate of eligibility has been issued by the State Government:

Provided further that a candidate belonging to category (b) will also be required to obtain a certificate of eligibility granted by the Deputy Inspector General of Police, Intelligence Branch, Uttarakhand

Provided also that, if a candidate belongs to category (c) above, no certificate of eligibility will be issued for a period of more than one year and the retention of such a candidate in the Service beyond a period of one year, shall be subject to his acquiring Indian Citizenship.

Note – A candidate in whose case a certificate of eligibility is necessary but the same has neither been issued nor refused, may be admitted to an examination or interview and he may, also be provisionally appointed subject to the necessary certificate being obtained by him or issued in his favour.

Academic Qualifications.8- A candidate for the direct recruitment to the posts of Assistant Boring Technician must have :-

(i) Passed High School Examination from the.Board of Secondary Education, Uttarakhand /Uttar Pradesh or an examination recognized by the government as equivalent thereto, and

(ii) Must have diploma of to years course awarded by the Directorate of Employment and Training, Uttar Pradesh/ Uttarakhand or Industrial Training Institute in any of the following Trades:-

(a) Machinist,
(b) Fitter,
(c) Motor Mechanics,
(d) Mechanic (Internal Combustion Engine)
(e) Plumber,
(f) Tool Maker
(g) Wireman
(h) Turner

Preferential Qualifications.9- A candidate shall other things being equal, be given preference in the matter of direct recruitment,

(i)who has completed minimum one year Apprenticeship after obtaining Technical Diploma; or

(ii) has served in the Territorial Army for a minimum period of two years; or

(iii) Obtained a 'B' Certificate of National Cadet Corps,

Age. **10-** A candidate for direct recruitment must have attained the age of 18 years and must not have attained the age of more than 35 years on January 1 of the year in which recruitment is to be made, if the posts are advertised during the period from January 1 to June 30 and on July 1 if the posts are advertised during the period from July 1 to December 31:

Provided that the upper age limit in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes and such other Categories as may be notified by the Government from time to time, shall be higher by such number of years as may be specified.

Character. **11-** The character of a candidate for direct recruitment to a post in the Service must be such as to render him suitable in all respects for employment in Government service. The Appointing Authority shall satisfy itself on this point.

Note- Persons dismissed by the Union Government or a State Government or by a Local Authority or a Corporation or Body, owned or controlled by the Union Government or a State Government shall not be eligible for appointment to any post in the Service. Person convicted of an offence involving moral turpitude shall also not be eligible.

Marital Status. **12-** A male candidate who has more than one wife living or a female candidate who has married a man, already having a wife living, shall not be eligible for appointment to a post in the Service.

Provided that the Government may, if satisfied that there exist special grounds for doing so, exempt any person from the operation of this rule.

Physical Fitness. **13-** No candidate shall be appointed to a post in the Service unless he be in good mental and bodily health and free from any physical defect likely to interfere with the efficient performance of his duties. Before a candidate is finally approved for appointment he shall be required to produce a medical certificate of fitness in accordance with the rules framed under Fundamental Rule 10, contained in Chapter III of Financial Hand-Book, Volume II, Part III.

Provided that a medical certificate of fitness shall not be required from a candidate recruited by promotion.

PART-V-PROCEDURE OF RECRUITMENT

Determination of vacancies **14-** The Appointing Authority shall determine and intimate to the Employment Exchange, in accordance with the rules for the

time being in force, the number of vacancies to be filled during the course of the year as also the number of vacancies to be reserved for candidates belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other categories, belonging to the State of Uttarakhand, under Rule 6.

Procedure for Direct Recruitment

15- (1) For the purpose of direct recruitment there shall be constituted a Selection Committee comprising the following members :-

1	An Officer not below the rank of Executive Engineer to be nominated by the Chief Engineer	Chairman
2	Executive Engineer cum Personal Assistant. (Establishment)	Member
3	An Executive Engineer nominated by Chief Engineer	Member

